22 जुलाई से 6 अगस्त, 2024
SINCE 1998
टेक्सटाइल वर्ल्ड

**MAN.SO.BA** stands as a beacon of luxury and quality in the textile industry, offering an unparalleled selection of imported fabrics from premier global destinations. With an extensive range encompassing European sophistication and Asian innovation, Man.So.Ba caters to diverse tastes and requirements, ensuring that every fabric tells its own unique story.

Founded by Mr. Manasramji Gehlot in 1980 in Chennai, MAN.SO.BA has a rich heritage as a pioneer in the Indian textile industry. Mr. Gehlot was the first to introduce imported fabrics from Singapore and Hong Kong to the Indian market. For over four decades, the company has built a strong reputation, initially focusing on wholesale distribution to large and medium garment manufacturers.
In 2023, the brand expanded its horizons under the leadership of Mr. Prakash Gehlot, who initiated the retailing of these exquisite fabrics, bringing MAN.SO.BA's quality directly to consumers.



**Mr. Manasramji Gehlot**
Founder: Man.So.Ba

Man.So.Ba's fabric collection is meticulously curated from the finest textile-producing countries in the world. Our partnerships span across: Europe: Italy and Austria, known for their rich heritage in textile craftsmanship, supply us with the most exquisite and sophisticated fabrics that exude elegance and class.

Asia: We source innovative and high-quality materials from Japan, Thailand, Vietnam, and China, regions celebrated for their advanced textile technologies and unique fabric traditions. Indonesia: Man.So.Ba holds a monopoly on the highly coveted Jet black fabric, a luxurious material known for its deep, rich color and exceptional quality.

> **Only an exquisite fabric can originate superlative fashion.**
>
> Mr. Prakash Gehlot

MAN·SO·BA

## Global Sourcing Excellence

Man.So.Ba's collection caters to a wide array of needs, whether for winter warmth, ethnic elegance, or casual comfort. Our fabric range includes:

**Winter Fabrics:** Designed to provide warmth without compromising on style, our winter collection features a variety of textures and weights, perfect for the cold season.
**Ethnic Fabrics:** Celebrate tradition with our range of ethnic fabrics, ideal for creating timeless and culturally rich garments.
**Casual Fabrics:** Our casual fabrics blend comfort with style, perfect for everyday wear that makes a statement.



Mr. Prakash Gehlot, CEO, Man.So.Ba

## Exceptional Textures and Patterns

We pride ourselves on offering a diverse array of textures and patterns to suit every design need:

**Jacquards:** Intricately woven fabrics featuring complex patterns that add a touch of sophistication to any garment.

**Knitted Fabrics:** Soft, flexible materials perfect for comfortable, stylish wear.

**Knitted Brushing:** A unique texture offering added warmth and a luxurious feel.

**Tweed PD:** Classic and durable, perfect for timeless and robust clothing.

**Tweed Checks:** Traditional patterns with a modern twist, ideal for stylish and distinctive outfits.

**TR Checks:** A blend of polyester, rayon, and sometimes spandex, offering durability, comfort, and style.

"Our journey from wholesale to retail is driven by a singular vision: to bring the world's finest fabrics directly to those who appreciate quality and craftsmanship.
At MAN.SO.BA, we believe that every fabric has a story, and our mission is to help our customers create their own unique stories with our exquisite materials."

– Prakash Gehlot, CEO, Man.So.Ba



**Man.So.Ba is not just a supplier of fabrics; we are a purveyor of quality, tradition, and innovation. Our extensive and diverse collection, sourced from the world's finest textile producers, ensures that we meet the needs of designers and manufacturers seeking the best in fabric excellence. Whether for winter warmth, ethnic beauty, or casual chic, MAN.SO.BA offers fabrics that inspire and elevate every creation.**



**दक्षिण भारत के मशहूर होलसेल कपड़ा संस्थान**

# एम एस एंटरप्राइजेज के नव निर्मित ऑफिस के उद्घाटन अवसर पर भव्य समारोह आयोजित



**कर्नाटक के राज्यपाल श्री थावरचंद गहलोत ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया**





**अतिथियों का जोरदार स्वागत**













VALENZO ITALY | Raymond | LINEN CLUB PASSIONATE LIKE YOU | SÖKTAS ALWAYS AHEAD

## फैब्रिक ब्राण्ड्स की बिक्री में अग्रणी प्रतिष्ठान

**बैंगलुरु/** दक्षिण भारत की प्रमुख होलसेल कपड़ा मंडी बैंगलुरु स्थित मशहूर होलसेल कपड़ा संस्थान **एम एस एंटरप्राइजेज** पॉलीवूल सूटिंग्स, लिनन फैब्रिक्स, गीजा कॉटन शर्टिंग एवं इंपोर्टेड फैशन फैब्रिक्स विक्रेता के रूप में अहम पहचान रखता है। कपड़ा कारोबारी श्री रमेश कुमार जैन ने सन् 1981 में OCM वूलन मिल्स की डीलरशिप लेकर **एम एस एंटरप्राइजेज** संस्थान की नींव रखी। शुरूआती दौर से ही पॉलीवूल कपड़े के प्रमुख ट्रेडर के रूप में सफल पारी खेलने के बाद वर्ष 2002 में रेमंड ब्राण्ड की अधिकृत डीलरशिप लेकर काम का विस्तार किया। तत्पश्चात ब्राण्डेड मिलों के काम को प्राथमिकता देते हुए श्री जैन ने अपने संस्थान पर प्रीमियम मेंस वियर फैब्रिक्स की वाजिब दरों में उपलब्धता सुनिश्चित कर पूरे भारत में सेल्स नेटवर्क स्थापित किया। 45 वर्षों के इस सफलतम व्यावसायिक सफर में इनके सुपुत्र श्री विनीत जैन का भी अहम योगदान रहा। मेंस वियर के लिए प्रीमियम फैशनेबल सूटिंग एवं शर्टिंग की आपूर्ति में अग्रणी **एम एस एंटरप्राइजेज** पर उपलब्ध ब्राण्ड्स के बारे में जानकारी देते हुए श्री जैन ने बताया कि विश्व प्रसिद्ध मेंस वियर फैब्रिक ब्राण्ड रेमंड, लिनन क्लब, प्रीमियम गीजा कॉटन शर्टिंग ब्राण्ड सोक्टास आदि ब्राण्ड्स की होलसेल ट्रेडिंग की जा रही है। इसके अलावा संस्थान द्वारा अपने अमूल्य ग्राहकों के लिए Valenzo ब्राण्डनेम से फाइनेस्ट पॉलीवूल सूटिंग भी बनाई जा रही है।



श्री रमेश कुमार जैन | श्री विनीत जैन

### VALENZO फाइनेस्ट पॉलीवूल सूटिंग ब्राण्ड

**एम एस एंटरप्राइजेज** मॉडर्न लाइफस्टाइल फैब्रिक्स की चाहत रखने वाले एलीट क्लास के लिए Valenzo ब्राण्ड लग्जरी फैशन फैब्रिक्स ऑफर करता है। सुपर 110 से 200 वूल ग्रेड का फाइनेस्ट पॉलीवूल सूटिंग फैब्रिक्स में यूनिक कलर्स एवं डिजाइंस में भरपूर रेंज बनाई जा रही है। लग्जरी फैशन की समस्त विधाओं से परिपूर्ण Valenzo ब्राण्ड की मार्केटिंग ऑल इंडिया में की जा रही है। क्वालिटी एवं डिजाइनिंग में आकर्षक कलेक्शन की बदौलत आज पूरे इंडिया में इसकी सफलतापूर्वक आपूर्ति की जा रही है।



Customer Best Wishes Wall
























## लाल बाग रोड स्थित नए ऑफिस का उद्घाटन समारोह

श्री रमेश कुमार जैन ने एम एस एंटरप्राइजेज के बढ़ते नेटवर्क को देखते हुए व्यापारियों की सुविधा के लिए स्थानीय लाल बाग रोड पर मॉडर्न फेसिलिटी से सुसज्जित बहुमंजिला शोरूम का निर्माण करवाया है। 7 जुलाई, 2024 को नवनिर्मित इस शोरूम के मंगल प्रवेशोत्सव पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। श्री जैन ने बताया कि समारोह में कर्नाटक राज्य के गवर्नर श्री थावरचंद गहलोत ने पधारकर आशीर्वाद प्रदान किया, वहीं दोस्तों एवं पारिवारिक सदस्यों की उपस्थिति में यह समारोह संपन्न हुआ। 12-13 जुलाई को दो दिवसीय कार्यक्रम व्यापारियों के लिए आयोजित किया गया, जिसमें एम एस एंटरप्राइजेज से व्यवसायरत रिटेल व्यापारियों ने बड़ी संख्या में शिरकत कर श्री रमेश कुमार जैन एवं श्री विनीत जैन को नए शोरूम में मंगल प्रवेश पर शुभकामनाएं दी।











### मेंस फैशन के लिए समर्पित संस्थान

**एम एस एंटरप्राइजेज** शुरू से मेंस फैशन के लिए समर्पित रहा है। फैशन की दुनिया में प्रचलित ट्रेंड्स के अनुरूप फैब्रिक्स उपलब्ध कराने के लिए श्री रमेश कुमार जैन रेमंड के पॉलीवूल सूटिंग्स में मोनोपॉली डिजाइंस बनवाते हैं जिसकी ऑल इंडिया सप्लाई की जाती है। वहीं लिनन क्लब की बिक्री कर्नाटक एवं केरल राज्यों तथा सोक्टास की बिक्री कर्नाटक के रिटेलर्स द्वारा की जाती है।

**M S ENTREPRISES** | **M S LINEN**

136/7, 1st Cross, Lal Bagh Road, Bengaluru - 560027 Karnataka, India
Ph.: +91-80-22283317 22283323, 41254545 : office.msenter@gmail.com






पाक्षिक
# टेक्सटाइल वर्ल्ड
SINCE 1998
Postal Registration No : BHILWARA/208/2024-2026 Posting on 24-07-2024 at Rail Mail Service, Bhilwara
वर्ष-27 अंक-03 भीलवाड़ा/22 जुलाई, 2024 कुल पृष्ठ- 18 मूल्य : 25 रुपए 1































## कपड़ा बाजार को त्योहारी ग्राहकी निकलने का इंतजार

# सफेद कपड़ों तथा मिल कपड़ों में ग्राहकी अच्छी रहने की उम्मीद

**मुंबई/ रमाशंकर पाण्डेय**

मानसून और ऑफ सीजन के कारण कपड़ों में कारोबार मंदा है। बाजार में ग्राहकी का नितांत अभाव है। इस सीजन में कपड़ों में कारोबार मंदा रहा है। लेकिन लंबे समय से ग्राहकी अच्छी नहीं चलने के कारण फिनिश कपड़ों का अनसोल्ड स्टॉक है। वैश्विक बाजारों में युद्ध, मंदी और महंगाई की मार के कारण निर्यात में कामकाज अच्छा नहीं है। अब 23 जुलाई को बजट पेश होगा। इस बजट में एमएसएमई का 45 दिनों में भुगतान करने के नियमों और इंवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर में फेरबदल होने की अटकलें हैं। यदि ऐसा होता है, तो कपड़ों में कारोबार की एक बड़ी बाधा दूर होगी और आगे कारोबार करने में उत्साह बना रहेगा।

कारोबारियों का कहना है कि यदि सब कुछ ठीक रहा तो दीपावली के समय देसावरों में ग्राहकी अच्छी रहेगी। मानसून इस बार अच्छा रहने का अनुमान है। यद्यपि मौजूदा दौर पूरी तरह से मंदी का है। कपड़ों की बिक्री, उत्पादन, प्रोसेस हाउसों में कामकाज पर मंदी का व्यापक असर दिखाई दे रहा है लेकिन अब त्योहारी ग्राहकी निकलने का समय है। इन दिनों कपड़ों में ग्राहकी अच्छी रहने का अनुमान है। सफेद कपड़ों की मांग निकलनी शुरू भी हो गई लेकिन यह मांग प्रोसेस्ड कपड़ों के बदले मिलों की अच्छी क्वालिटी के कपड़ों में विशेषतौर पर दिखाई दे रही है। त्योहारों के मौके पर मिल कपड़ों में ग्राहकी अच्छी रहने की उम्मीद है।

कपड़ों में उत्पादन स्थितियां अभी निराशाजनक है। कपड़ों का उत्पादन बढ़ने के बदले घट रहा है। हाजिर स्टॉक में सौदे कम हो रहे हैं। पहले ही सीजन की ग्राहकी अत्यंत कमजोर रहने से फिनिश कपड़ों में सौदे सीमित दायरे में होने से ग्रे-कपड़ों का उत्पादन कम हो गया था। इसलिए अब कपड़ों के लिए पाइपलाइन खाली है फिर भी भिवंडी में लूमों पर उत्पादन 60 प्रतिशत तक है। इचलकरंजी में एयरजेट लूमों और रेपियर लूमों पर जॉब की दरें स्थिर हो गई है।


शेषांश पृष्ठ 6 पर...






















## सीजन में रेडीमेड व यूनिफॉर्म का क्रेज

**रेवाड़ी/ जयप्रकाश शर्मा**

इस समय बाजार में ग्राहकी का स्तर ऊपर उठा है। अभी यूनिफॉर्म की ड्रेसों के कलर अच्छे बिक रहे हैं। शिवम वस्त्र भण्डार श्री शिवम जेसवाल के यहां रेडीमेड एवं सूट व साड़ियों की ग्राहकी अच्छी चल रही है। साड़ियाँ 250 रू से लेकर 2000 रू तक की डिमांड बहुत अच्छी चल रही है। इमरान क्लॉथ सेंटर श्री इमरान भाई के यहां लाइक्रा एवं कॉटन की पेंट व शर्ट अच्छी बिक रही है। पार्टी वियर पेंट व शर्ट की ग्राहकी अच्छी बनी हुई है। यहां कॉटन के कुर्ता, पायजामा में कपड़ा अच्छा बिक रहा है। यदुवंशी वस्त्रालय श्री नीलु भाई के यहां रेडीमेड एवं साड़ियों की डिमांड अच्छी बनी हुई है। अभी यहां पर सभी प्रकार के कपड़ों की डिमांड जैसे भीलवाड़ा, बॉम्बे, सूरत, पाली, बालोतरा आदि जगहों पर इन कपड़ों की डिमांड अच्छी बनी हुई है। बॉम्बे AG Fashion श्री मोहिम भाई के यहां प्राइमरा सूटिंग जैसे पाल्मर्स, ज्फायर, मिडियोकर, मैक्समश, सिनामेटीक, वर्ल्ड क्लास मेरीन अन्य क्वालिटी की डिमांड की बुकिंग अच्छी हो रही है। रिटेल बुकिंग में भीलवाड़ा से प्रतिनिधि बुलाकर रिटेल बुकिंग की जा रही है। अभी सूटिंग व शर्टिंग की डिमांड अच्छी बनी हुई है। रेडीमेड में बच्चों के ड्रेस, यूनिफॉर्म व अन्य क्वालिटी के कपड़े मार्केट में अच्छे बिक रहे हैं। आने वाले समय में मार्केट अच्छा रहेगा।


## मैचिंग मटीरियल और स्कूल यूनिफॉर्म की डिमाण्ड

**सतना/ बलराम शुक्ला...** जुलाई समाप्त होने को है लेकिन यूनिफॉर्म की बिक्री ज्यादा नहीं है। रेग्युलर शर्टिंग-सूटिंग में उठाव नही है। सर्टिंग के चलते रोज नयी-नयी कटिंग बाजार में आ रही है। प्राइवेट स्कूल वाले कब ड्रेस चेंज कर दे उन पर भरोसा नहीं कर सकते। अब तो सब यही कह रहें कि सब कुछ कमीशन का खेल है। जिन व्यापारियों के पास बंद यूनिफॉर्म पड़ी है कोई पूंछने वाला नहीं है। पेमेंट की आवक रूक-सी गई है और व्यापार दिन-प्रतिदिन कम होता जा रहा है । इस समय वैवाहिक सीजन है लेकिन ग्राहकी कुछ खास नहीं है। व्यापारी देशावर सावन की खरीदी करने निकल पड़े है। आगामी सीजन मैचिंग मटीरियल और साड़ी का है क्योंकि त्योहार है इसलिए थोक वस्त्र-विक्रेता फैंसी आइटमों की खरीदी कर रहे हैं।

## स्कूल ड्रेस की बम्पर ग्राहकी

**ब्यावर/ अनिल डोसी...**मार्केट में अभी स्कूल ड्रेस की ग्राहकी अच्छी चल रही है। रेमण्ड कॉटन, स्पन, व्हाइट हाउस, पीकXपीक व सूटिंग 2/18 ट्सर क्वालिटियां चल रही है। चुन्नी में जोडासेट क्वालिटी बेल्ट, टाई व ड्रेस मटीरियल सलवार सूट, साड़ियां, बेस, ब्लाउज पीस, टेरी रूबिया,फैंसी व रेडीमेड का चलन बढ़ गया है। पेमेंट की आवक ठीक है। पाली, बालोतरा, मुम्बई, अहमदाबाद, जोधपुर, सूरत की क्वालिटियां जरूरत के मुताबिक आ रही है।




## उद्योग व्यापार मण्डल की जीएसटी पर वार्ता सम्पन्न

**मुजफ्फरनगर / अजय कुमार सिंघल**


भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल, उत्तरप्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल की मांग व प्रधानमंत्री मोदी जी के निर्देश पर व्यापारी कल्याण बोर्ड की मॉनिटरिंग में केंद्र सरकार के सचिव श्री राजेश रंजन से वीडियों कॉन्फ्रेसिंग वार्ता हुई जिसमें जीएसटी की विसंगतियों का मुद्दा उठाया। रेडीमेड कपड़े, जूते पर जीएसटी के दो स्लैब है। ऊपरी स्लैब 12 प्रतिशत समाप्त कर निचले स्लैब 5 प्रतिशत पर ही जीएसटी लागू किए जाने की मांग की। रजिस्टर्ड व्यापारी से माल खरीदने पर उसके जीएसटी न जमा करने पर क्रेता को परेशान न किए जाने सहित अन्य सुझाव दिए। भारत का व्यापारी यहां की इकोनॉमी को तेज़ रफ़्तार से आगे बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प है किन्तु कानूनों का सरल सुगम होना, टेक्स रेट कम होना आवश्यक है। आगे सचिव श्री राजेश रंजन ने फाइनेंस मिनिस्ट्री तक यह बात पहुंचाने का भरोसा दिलाया।

## सावों पर मंदी रक्षाबंधन पर उम्मीद

**उदयपुर / नवीन कोठारी**

10 जुलाई से 15 जुलाई के बीच कुछ सावों की तारीखें थी। बीते कई दिनों से वस्त्र बाजार नरम था किन्तु व्यापारियों को उम्मीद थी कि इन दो- तीन मुहूर्त पर अच्छी बिक्री हो जाएगी पर ऐसा नहीं हुआ। इन सावों की तारीखों पर नाममात्र के विवाह हुए जिस कारण बाजार मंदा ही रहा। अब व्यापारियों को रक्षाबन्धन पर बाजार उठने की उम्मीद है। रक्षाबन्धन के दिनों में बहुत से वस्त्र व्यापारी डिस्काउंट सेल लगाकर पुराना स्टॉक खत्म कर देते हैं। खासतौर पर साड़ी विक्रेता के यहां डिस्काउंट सेल के बेनर दिखाई देते हैं। कई साड़ी विक्रेता नया माल मंगवाकर भी डिस्काउंट सेल लगाकर मुनाफे में ज्यादा बिक्री का फॉर्मुला अपनाया करते हैं। जानकारों की माने तो आने वाले दिनों में रक्षाबन्धन पर्व होने से बाजार में सकारात्मक रूख देखने को मिल सकता है।

## भरोसे की परम्परा SGS की मेगा कॉन्फ्रेंस यात्रा 2024 बद्रीनाथ धाम को लेकर व्यापारियों में उत्साह




मुंबई/ भरोसे की परंपरा पर कायम SGS निरंतर अपनी आक्रामक रणनीति के साथ आगे बढ़ता जा रहा है। कंपनी द्वारा 28 जुलाई, 2024 से ऋषिकेश में भव्य डिस्प्ले करने जा रही है। अपनी इस मेगा कॉन्फ्रेंस यात्रा 2024 का व्यापारियों द्वारा भरपूर समर्थन मिल रहा है। कंपनी की इस मेगा कॉन्फ्रेंस यात्रा 2024 में व्यापारियों को बद्रीनाथ धाम की यात्रा का अवसर भी मिलेगा। कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री गणेशदास राठी ने बताया कि SGS इस वर्ष 26वीं कॉन्फ्रेंस करने जा रही है, जो ऋषिकेश होते हुए बद्रीनाथ धाम की यात्रा करायेगी। इस दौरान बद्रीनाथ धाम जाते समय पीपलकोठी में 1 रात एवं बद्रीनाथ धाम से वापसी में रूद्रप्रयाग में 1 रात का स्टे रहेगा। कॉन्फ्रेंस को लेकर व्यापारियों द्वारा बहुत अच्छा रूझान मिल रहा है।

### गोवा में भी होगा डिस्प्ले

कंपनी के युवा डायरेक्टर श्री किशोर राठी ने बताया कि कंपनी इस वर्ष मेगा कॉन्फेंस यात्रा 2024 को तीन भागों में कर रही है। जिसमें व्यापारियों को ऋषिकेश से लेकर बद्रीनाथ धाम, गोवा में भव्य डिस्पले कर बुकिंग की जायेगी एवं बैंकॉक पटाया की यात्रा के लिए व्यापारियों को एक निश्चित खरीदी करने पर घूमने का अवसर मिलेगा। इस वर्ष व्यापारियों की डिमांड को ध्यान में रखते हुए कंपनी अलग-अलग भागों में कॉन्फ्रेंस कर रही है। जहां जिस व्यापारी को जाना हो वो, वहाँ के लिए अपनी सहमति कंपनी को दे सकता है।

## स्थानीय डीलर के तत्वावधान में भव्य रिटेल कॉन्फ्रेंस

अमृतसर/ इस वर्ष कंपनी अपने अमृतसर के स्थानीय डीलर बिट्टू दी हट्टी के तत्वावधान में 14 जुलाई, 2024 को भव्य रिटेल कॉन्फ्रेंस की, जो काफी सफल रही है। इस कॉन्फ्रेंस के दौरान कंपनी के युवा डायरेक्टर श्री वरूण राठी ने सभी व्यापारियों का स्वागत करते हुए कहा कि कंपनी इस वर्ष अपने व्यापारियों को बद्रीनाथ धाम के साथ-साथ गोवा एवं बैंकॉक पटाया में मेगा कॉन्फ्रेंस यात्रा 2024 कर रही है। उन्होंने बताया कि इस रिटेल कॉन्फ्रेंस में कंपनी द्वारा टीआर, फैंसी सूटिंग-शर्टिंग के नए-नए कलर चार्ट तैयार कर डिस्प्ले किया गया, जो व्यापारियों को काफी पसंद आए।

**कोलकाता कॉन्फ्रेंस को मिला भरपूर समर्थन...** इस दौरान कंपनी द्वारा अपने कोलकाता के स्थानीय डीलर के तत्वावधान में 20 व 21 जुलाई, 2024 को भव्य रिटेल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, जो भरपूर सफलता के साथ संपन्न हुई।











Collection of Impression
The Perfect Man
Servicom's
FINE SUITINGS
Servicom Rayon India
e-mail : servicomrayonindia@yahoo.in
Mumbai office :
99, Dadiseth Agiary Lane, 2nd, Floor, Mumbai-2
Ph.: 022-22050755, Cell : 093242-20245
Bhilwara Office:
G-9/10, 4th Phase, RIICO Ind. Area, Bhilwara (Raj.)
Ph.: 01482-297324, Cell: 094141-14324



।। श्री नाकोड़ा भैरवाय नमः ।।
Deal with ease, deal with us
Specialisation in
UNIFORM & CORPORATES
Bhairav Syntex
Textile Agent
112, 1st Floor, Shreenath Tower, Pur Road, Gangapur Choraha
Bhilwara-311001 (Raj.) bhairavsyntex11@gmail.com
MAHENDRA JAIN 94138 60897 | 63785 41066 | HARSH JAIN 94611 32695


Kalpatru
TRULY WONDERFUL
Manufacturers Of Exclusive
Shirtings & Corporate Uniform
KALPATRU SYNTHETICS
PRIVAT LIMITED
CORP. OFF:- Rajlaxmi Comm. Complex,
'J' Bldg., 2nd Floor, Gala No. 216 to 218
Kalher Village, Bhiwandi,Thane- 421 302.
Tel: 95951-46883, 95952-46882
REGD. OFF:- 26, Bandrawala Bldg., 2nd Floor, 16,
Dadi Seth Agiari Lane, Mumbai- 02.
Ph.: 022-2240 0642 / 40056305,
Mob.: 93202-12219, 80807-77101
Helpline no +91 7219896584 | E-mail: kalpatru_syn@yahoo.co.in


MAYPRE
LEGACY OF FASHION
Dealing in
Shirting & Kurta Fabrics
MAHAVIR TEXTILES
Office: 19/21, Ladwadi, Khokhawala Bldg., 2nd Floor,
Old Hanuman Lane, Kalbadevi, Mumbai- 02.
Tel.: 022 4004 3239 | Email: mahavirtextiles@yahoo.co.in
For Trade Inquiry:- Kumarpal Jain- +91 93241 47233 | Karan Jain- +91 98206 86838


Qmax WORLD
SUNIL TIBREWAL GROUP COMPANY
Choose from our exclusive range of uniform fabrics
02522-666 666
info@qmaxworld.com
www.qmaxworld.com
ONE NATION
Jugg jugg jeeyo
GYFT : ME
AGENTS SOLICITED


ANIRUDH TEXCHEM PVT. LTD.
Extensive colour range
a complete spectrum
of uniform shades that
allows you to create
thousands of uniform
designs
ANIRUDH TEXCHEM PVT. LTD.
+91 9352815046
www.anirudhtextile.com
Anirudh Texchem
anirudhtexchem
anirudhtextiles@gmail.com
C-69, B.T. Market, Pur Road, Bhilwara (Raj)
MUMBAI OFFICE: Room No. 8, First Floor, Dwarka Sadan, Sai Nath Road Next To Lifeline Hospital, Malad ( West ), Mumbai-64 (Maharashtra) Mob:-98202-33140
Mills: E-170, Hamirgarh Growth Center, Bhilwara


Siyaram's
MARCONI
ITALIAN FASHION
THE WORLD IS
YOUR RUNWAY
SCAN THE QR CODE
TO VIEW THE VIDEO
TR-KING
ROZETTI
GET NOTICED
COLE
THE POWER OF BLACK
ULTIMA
BODYCARE
FABRIC
Available at all the leading retail outlets and Siyaram's Shops across the country. For trade/corporate enquiries, contact: 022-68330500. Toll-free No.: 1800 209 4005.
For franchise enquiries, contact: 09820197273. Email: enquiries@siyaram.com | www.siyaram.com Follow us on:

# यूनिफॉर्म साड़ीज एवं सूट्स की प्रसिद्ध निर्माता कंपनी

# बंसी फैशन प्रा.लि.




**सूरत/** यूनिफॉर्म साड़ीज एवं सूट्स में श्रेष्ठतम कलेक्शन के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मशहूर कंपनी बंसी फैशन प्रा.लि. लेडीज यूनिफॉर्म सेगमेण्ट में फैशन आइकॉन मानी जाती है। कंपनी के डायरेक्टर श्री ओमप्रकाश जाजू एवं श्री सुनील जाजू के नेतृत्व में बंसी फैशन प्रा.लि. यूनिफॉर्म साड़ीज एवं सूट्स का बड़े पैमाने पर उत्पादन कर रही है। शानदार क्वालिटी एवं आकर्षक डिजाइनिंग की बदौलत आज यह यूनिफॉर्म सेक्टर की चहेती कंपनी बनी है। अच्छी क्वालिटी के फैब्रिक्स एवं उम्दा डिजाइनिंग इसकी यूनिफॉर्म साड़ियों की खासियत है। वहीं यूनिफॉर्म मैचिंग सूट्स में भी कंपनी का कलेक्शन लाजवाब होता है।

## अंतरराष्ट्रीय सेल्स नेटवर्क

बंसी फैशन प्रा. लि. यूनिफॉर्म साड़ीज एवं सूट्स की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सप्लाई कर रही है। कंपनी भारत सहित श्रीलंका, मलेशिया, बांग्लादेश, नेपाल आदि देशों में यूनिफॉर्म उत्पाद एक्सपोर्ट कर रही है।



## यूनिफॉर्म साड़ीज में विस्तृत रेंज

बंसी फैशन प्रा. लि. 1000 से अधिक डिजाइंस में यूनिफॉर्म साड़ियाँ बनाती है। यूनिफॉर्म सेक्टर में कंपनी डबल ब्लाउज साड़ीज एवं सेंटेड साड़ियाँ खासी चर्चित रहती है। इसी तरह सूट्स में भी कंपनी वाईडेस्ट रेंज बनती है। सेक्टर वाइज बात करें तो स्कूल, होटल, हॉस्पिटल, ज्वेलरी शोरूम, शॉपिंग मॉल, इंडस्ट्रीज, किट्टी पार्टी, कैटरिंग, एयरलाइंस, आंगनबाड़ी सहित हर उस सेक्टर के लिए साड़ियाँ एवं सूट्स बना रही है जहां ड्रेस कोड चलता है। इसके अलावा कंपनी 15 अगस्त, 26 जनवरी एवं मिलिट्री स्पेशल रेंज तथा मेक टू ऑर्डर पर त्वरित डिजाइन डवलप कर माल उपलब्ध करा रही है। कंपनी यूनिफॉर्म लाइन में स्पेशलिस्ट निर्माता के रूतबे को कायम रखते हुए बाजार में नियमित डवलपमेंट एवं विस्तृत प्रॉडक्ट रेंज से अपनी पहचान को अक्षुण बनाए हुए हैं।

## बेजोड़ क्वालिटी एवं आकर्षक डिजाइनिंग

बंसी फैशन प्रा. लि. की साड़ियों की क्वालिटी बेजोड़ और डिजाइनिंग आकर्षक होती है। वहीं यूनिफॉर्म साड़ियों का यूज डेली बेसिस पर होने के कारण कंपनी फैब्रिक क्वालिटी भी उच्च दर्जे का उपयोग करती है। श्री जाजू ने कहा कि कंपनी द्वारा निर्मित प्रत्येक साड़ी एवं सूट्स हाई क्वालिटी का होने के साथ-साथ स्किन फ्रेंडली, लाइट वेट, फास्ट कलर एवं ज्यादा चलने वाले उत्पाद होते हैं।

**Bansi** fashion pvt. ltd.®

ISO 9001:2008 Certified Company

**UNIFORM SAREES & SUIT SPECIALIST**

- SCHOOL UNIFORM
- HOSPITAL UNIFORM
- CORPORATE UNIFORM
- AIRPORT UNIFORM
- EVENTS UNIFORM
- RETAIL CHAIN UNIFORM
- ANGANWADI UNIFORM
- JEWELLER STORE UNIFORM
- INDUSTRIAL UNIFORM
- HOTEL UNIFORM
- SECURITY UNIFORM
- AASHA WORKERS UNIFORM SAREES & SUITS

Head Office: 3rd floor, Gurukripa Market, Near Abhishek Market, Ring Road, Surat- 395002
Web.: www.bansiuniformsaree.in | Email: bansisaree@yahoo.co.in
Phone: 0261-2320280, E-mail: bansisaree@yahoo.co.in, Website: www.bansiuniformsarees.in

87807 47588
87996 09280
99982 99280

**Office: 6-7, Ground Floor, Balaji Market, Near Mahaveer Market, Ring Road, Surat-395 002**




TESSITURA MONTI INDIA®

TESSITURA MONTI INDIA PVT. LTD.

Mill:
Gat No. 147, Village Tamgaon, Post - Sangavde, Tal. Karveer, Kolhapur - Hupari Road, Dist. Kolhapur - 416202. Maharastra. INDIA. Tel. No : +91 231 2682900 Email : info@monti.co.in

Corporate Office :
77, Jodh Towers, 4th Floor, Lalbagh Road, Bengaluru - 560027, INDIA. Tel. No : +91 80 40500288
Email : office@monti.co.in Website : www.monti.co.in

Tessitura Monti India Pvt.Ltd. BORN IN ITALY 1911

Auth. Distributors : Maharashtra & Gujarat - M/s Decott Fashions , Mumbai; Gujarat & Rajasthan - M/s Advin, Ahmedabad; TamilNadu - M/s Bajrang Clothing, Chennai; Karnataka & Goa - M/s Popular Enterprises, Bengaluru; Karnataka, Goa, AP & Telangana - M/s Modern Impex, Bengaluru; Kerala - M/s Mohan Collection , Bengaluru; Delhi NCR, UP, Punjab, Haryana, J&K, Rajasthan - M/s Worldwide Fashions (RI), Delhi; AP & Telangana - M/s SHA Hirachand Jawanmal & Co.(SHJ),Hyderabad

BCI

For Distributorship Enquiry in West Bengal, Bihar, Jharkhand, MP & CG : +91 97028 39191

# अब बारिश को करो एन्जॉय, दाग धब्बों से डरे बिना।

Sparsh-Fab®
UNIFORM FABRIC
THOUGHTFUL UNIFORMS

## कैसे ? 3X COOL™ इनोवेटिव फैब्रिक से!

भारत एक ट्रॉपिकल देश है जहाँ दिनभर यूनिफॉर्म पहनना एक टास्क है। इस समस्या का समाधान है 3X Cool फैब्रिक। प्रिय साथियों ! क्या आपको इस मैजिकल फैब्रिक के बारे में जानकारी है ? स्पर्श-फैब को विश्वास है कि यह एक रेवोल्यूशनरी खोज है जो न केवल यूज़र्स को कम्फर्ट प्रदान करेगी, बल्कि बिज़नेस में भी पहली पसंद होगी। इसकी तीनो खूबियाँ इसे एक चहेता विकल्प बनाते है। यदि आप को इस इनोवेटिव फैब्रिक के बारे में अधिक जानकारी चाहिए तो बेझिझक हमें संपर्क करे।



**सॉइल रिलीज़**
दाग-धब्बे और धूल-मिट्टी को जमने न दे, क्लीनिंग को बनाये आसान

**चैक्स और लाइनिंग में 36 पन्ने में तैयार स्टॉक**
डिमांड करने पर अन्य डिज़ाइन में भी उपलब्ध

**डायनामिक ड्राइंग**
मॉइस्चर को सोखे, कपडे को तुरंत सुखाए, आपको रखे चुस्त और तंदुरुस्त.

**एंटी स्टेटिक**
स्टेटिक बिल्डअप को अवरोध करने वाला कपड़ा सुरक्षित, टिकाऊ तथा आरामदेह

## एक फैब्रिक जो पहनने वालों को रखे कम्फर्टेबल दिनभर और आप को रखे व्यवसाय में अग्रसर।

**एक ऐसा फैब्रिक जो 10 सेकण्ड्स में सोखे पसीना , दाग-धब्बे और धूल-मिट्टी को जमने न दे, कपड़ा जो हो सुरक्षित और टिकाऊ.**

स्पर्श फैब जो हमेशा कटिबद्ध रहा है। अपने सभी सहयोगी व्यापारियों की प्रगति के लिए हम उसी तरह वचबद्ध हैं। हमारे सभी उपभोक्ताओं के प्रति भी भारत एक उष्ण कटिबंधीय प्रदेश है जहाँ औसतन तापमान ३३ अंश होता है। ऐसे में पूरे दिनभर एक ही यूनिफॉर्म पहने रहना तकलीफ तथा असुविधाजनक हो सकता है। हम ऐसी परिस्थितियों पर हमारे रिसर्च एण्ड डवलपमेंट डिपार्टमेंट में निरंतर अभ्यास करते है, इसके चलते हमने एक नए आविष्कार को सांझा किया है **3X COOL** यह एक ऐसी टेक्नोलॉजी है जो पसीने को केवल 10 सेकण्ड में सोखता है, तो उपभोक्ता को चिपचिपेपन से राहत मिलती है और वह फ्रेश महसूस करता है। इस ट्रीटमेंट की वजह से कपड़े पर धूल-मिट्टी जमने में अवरोध होता है जिसकी वजह से कपड़ों का क्लीनिंग और मेंटेनेंस आसान होता है। इस कपडे में स्थायी ऊर्जा पैदा नहीं होती और उपभोक्ता को चुभन से राहत मिलती हैं, जिससे वह आराम तथा सुकून का अनुभव करता है।

स्पर्श का यह कपड़ा **चैक्स और स्ट्राइप्स के 36 पन्ने में उपलब्ध है**। विशेष मांग पर अन्य डिज़ाइन में भी यह उपलब्ध हो सकता है, पर सबसे आनंददायक बात यह है कि ये कपड़ा उसी दाम में उपलब्ध है। इस विशेषता के होने से हमारे व्यापारी प्रतिस्पर्धी व्यापारियों से आगे रहेंगे और उन्हें ऑर्डर पाने में आसानी होगी, तो आइये इस नए वर्ष में अधिकाधिक व्यापार करें और इस नए वर्ष 2024 को एक सफल और खुशहाल वर्ष बनायें।

नया वर्ष नयी उम्मीदों और सफलताओं से भरा हो,
नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ।

यह फीचर कैसे काम करता है यह जानने के लिए स्कैन करें

**फ्री 3X Cool फैब्रिक के सैंपल के लिए या आपके ऑर्डर के लिए सम्पर्क :**

**98 20 20 79 53**
**74 20 02 40 89**




# पीली साड़ियों की बिहार में सदैव डिमांड

## बृहस्पतिवार को महिलाओं में पीले वस्त्र पहनने का चलन

**मुंबई/आर बी सिंह**



छपरा जिले के अधिकांश होलसेल व्यापारीबन्धुओं के पास कपड़ों की तमाम वैरायटियां मुजफ्फरपुर के सुता पट्टी एरिया सहित सिवान और भागलपुर आदि के आढ़तियों के यहां से आता है जिसमें अब तो अधिकांशजन सूरत से भी मंगाने लगे हैं। इसी क्रम में यदि बात साड़ियों की हो तो अगले माह से ही श्रावण मास की शुरूआत होने वाली है जिसमें उत्तरप्रदेश की अधिकांश महिलाएं एक तरफ हरे रंग के साड़ियों के पहनावे पर जोर देती है वहीं दूसरी तरफ बिहार की महिलाएं इस पावन महीने में पीले रंग की परिधानों का इस्तेमाल करने पर अधिक जोर देती है।

बता दें कि लोगों का यह मानना है कि इसी श्रावण मास से लेकर आश्विन मास के पितृपक्ष के पहले तक इन ढ़ाई माह में काफी त्योहार आते रहते हैं जिनमें देवी-देवताओं की बहुत अधिक पूजा अर्चनांए होती रहती है। जिसमें गमला पूजा,बहुरा अष्टमी सहित तीज, जितिया आदि पर्वों का समावेश रहता है। इनके अलावा बृहस्पतिवार के रोज अधिकांश महिलाएं भगवान विष्णु के ध्यानार्थ उपवास भी करती है जिस रोज विशेषतः पीले कपड़े पहनना नहीं भूलती। ज्ञातव्य हो कि फिलहाल मुंबई के उपनगर कल्याण निवासी गारमेण्ट कपड़ा व्यापारी श्रीमति किरण सिंह देवी मैया के पूजन के लिए बिहार के छपरा जिले स्थित अपने गाँव गयी। साथ ही छपरा सिवान पथ में आने वाले एकमा बाजार के कपड़ा व्यापारी श्री संजय सिंह की पत्नी श्रीमति जूली सिंह सहित शिक्षक श्री दिनेश सिंह की भार्या श्री मति प्रभावती सिंह के साथ देवी मैयां की पूजन बहुत ही निष्ठा, लगन और स्नेह के साथ की। जिस मंदिर का जीर्णोद्धार और नूतनीकरण कोलकाता के ही बड़ा बाजार के कपड़ों के ही व्यवसायी और सुप्रसिद्ध समाज सेवक श्री राय बहादुर सिंह के द्वारा हुआ है जो यदा-कदा छपरा जिले के विभिन्न मंदिरों में दान, सहयोग आदि देने में कभी पीछे नहीं हटते। इनके अलावा एकमा बाजार के ही प्रतिष्ठित कपड़ों के व्यापारी श्री जीतेन्द्र सिंह उर्फ जीतू सिंह और उनके ही बड़ें भाई कपड़ों के कारोबारी श्री चुमन सिंह की पत्नी श्रीमति राजकुमारी देवी हरेक बृहस्पतिवार को पीले वस्त्र के ही परिधानों में भगवान विष्णु की पूजा कर यदा-कदा रिविलिंग बाजार से नजदीक सरयू नदी में स्नान करने भी जाती रहती है जहां पीले रंग की साड़ी पहने गंगा मैयां का स्मरण कर पूजन करना नहीं भूलती। इसके बावजूद भी राज्य की अधिकांश महिलाएं गंगा मैयां के पूजन हेतु पीले रंग की साड़ियाँ ही अपने मायके से मंगाकर या खुद खरीदकर पूजा करना पसंद करती हैं। जिस कारण इस रंग की साड़ियों की खपत बढ़ जाने को नजरंदाज नहीं किया जा सकता।


# 29th SIGA FAIR 30-31 जुलाई एवं 1 अगस्त को बैंगलुरू में होगा आयोजित


श्री अनुराग सिंघला, प्रेसिडेंट साउथ इण्डिया गारमेण्ट एसोसिएशन

**बैंगलुरू**

गारमेण्ट व्यवसायियों के प्रमुख संगठन साउथ इण्डिया गारमेण्ट एसोसिएशन (SIGA) का 29th गारमेण्ट फेयर आगामी 30-31 जुलाई एवं 1 अगस्त 2024 को बैंगलुरू में आयोजित होने जा रहा है। एसोसिएशन के प्रेसीडेण्ट श्री अनुराग सिंघला ने बताया कि 29th गारमेण्ट फेयर की सभी तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई है। 100 से अधिक गारमेण्ट्स निर्माता फेयर में भाग ले रहे हैं, वहीं पूरे देश से गारमेण्ट लाइन के होलसेल एवं रिटेल व्यापारी बड़ी संख्या में शिरकत करने वाले हैं। गारमेण्ट सेक्टर के व्यापारियों के लिए SIGA का यह फेयर आगामी सीजन की तैयारी का अच्छा प्लेटफॉर्म माना जाता है। मेन्स, वूमेंस एवं किड्स वियर बनाने वाले गारमेण्ट निर्माता आगामी फेस्टिव, विण्टर एवं वेडिंग सीजन की तैयारी के साथ इस फेयर में नये डवलपमेण्ट्स पेश करने वाले हैं। ऐसे में देश के गारमेण्ट ट्रेडर्स एवं रिटेलर्स के लिए गारमेण्ट खरीदी की प्लानिंग के लिए यह परफेक्ट प्लेटफॉर्म है।




# बिजली दर सहूलियत से उद्योगों को मिला बूस्टर

**कोल्हापुर/ राहुल खाड़े**

पावरलूमधारकों के कर्जे पर ब्याज अनुदान के लगभग तीन हजार प्रस्ताव पाँच सालों से प्रलंबित है। उसको मंजूरी मिलने की कोशिश चल रही है। लेकिन उसके बारे में अब तक कोई फैसला नही हुआ है। अब शासन के नए फैसले के चलते पावरलूमधारक संभ्रम में है। सीधे पावरलूमों को 5 और ऑटोलूमधारकों को 2 फीसदी ब्याज अनुदान दिया जाने वाला है। उसके लिए राज्य शासन की ओर से जानकारी इकट्ठी की जा रही है जिससे मूल ब्याज अनुदान के प्रस्ताव अंधेरे में रहने की संभावना है।

पावरलूम उद्योग को बूस्टर मिलने के लिए शासन की ओर से अलग-अलग योजनाएं लाई जा रही है। इसमें बिजली दर में सहूलियत के साथ कर्जे पर ब्याज अनुदान दिया जा रहा है। नए प्रकल्प या अस्तित्व में होने वाले प्रकल्प सुचारू रूप से चलने के लिए निकाले गए कर्जे पर शासन की ओर से 5 फीसदी ब्याज अनुदान दिया जा रहा था। लेकिन सन् 2017-18 से पेश किए ब्याज अनुदान के प्रस्ताव को अब तक मंजूरी नही मिली है। वह वस्त्रोद्योग आयुक्त, नागपुर कार्यालय के पास पड़े हुए है। मंत्रालय से आदेश आने के बगैर वह आगे नही जाएगें ऐसा बताया जा रहा है। इसके लिए लोकप्रतिनिधि शासन स्तर पर कोशिश कर रहे हैं लेकिन उसको कुछ सफलता नही मिली है। ऐसे लगभग तीन हजार प्रस्ताव पड़े है जिनको अनुमति नहीं मिली है। एक ओर ऐसी निराशाजनक स्थिति होने के बावजूद फिर एक बार शासन की ओर से सीधे पावरलूमों को 5 और ऑटोलूमधारकों को 2 फीसदी ब्याज अनुदान देने की चर्चा शुरू है। जबकि इस योजना की मंजूरी के लिए वस्त्रोद्योग के वरिष्ठ अधिकारियों में तालमेल नहीं है। नई योजना को मंजूरी मिली की नही इसके बारे में अस्पष्टता है। उसकी जानकारी लेने के लिए शासन स्तर पर बैठक का आयोजन किया जा रहा है। इस योजना से कितना अनुदान लगेगा इसकी जानकारी भी ली जा रही है, ऐसा अधिकारियों की ओर से बताया गया। ऐसे में नई योजना लागू की जा रही, लेकिन पुराने प्रस्ताव का क्या किया जाएगा ऐसा सवाल वस्त्रोद्योग के जानकार पूछ रहे हैं।

### अनुदान नही, उद्योगों पर असर

विगत वस्त्रोद्योग नीति में 5 फीसदी अनुदान देने का प्रस्ताव जाहिर किया गया था। इस समय पावरलूम उद्योग बड़ी कठिन परिस्थिति का सामना कर रहा है। यह अनुदान समय में पावरलूमधारकों को नही मिला। जिससे कई पावरलूम भंगार में गए या बेच दिए गए। लेकिन उसके बाद भी इसका कुछ समाधान नही निकला। राज्य शासन ने ब्याज अनुदान की ऐसी कोई भी योजना मंजूर नहीं की है। ऐसे में इस तरह जानकारी इकट्ठा करना यानी राजकीय फार्स दिखाई दे रहा है। इससे राज्य के पावरलूमधारक की दिशा भूल करने की कोशिश चल रही है।

## सफेद कपड़ों तथा मिल कपड़ों... पृष्ठ 1 का शेषांश

ग्रे-कपड़ों के भाव स्थिर है, कुछ वैरायटी में भाव मांग के अभाव में कुछ घटे भी है। अन्य उत्पादन केंद्रो मालेगांव, बुरहानपुर में भी उत्पादन की मौजूदा स्थितियां संतोषजनक नहीं है। व्यापारियों को कहना है कि कारोबार कम होने का एक प्रमुख कारण एमएसएमई को भुगतान के नये नियम है। पहले की तरह अब कपड़ों में बड़े पैमाने पर खरीदी करने से परहेज किया जा रहा है। कारोबारी अब ऐसी रणनीति से कार्य कर रहे हैं ताकि अधिक स्टॉक नहीं हो और समय पर भुगतान नहीं कर सकने के झंझट से भी बचा जा सके। लोगों की खरीद शक्ति घटने का भी असर कपड़ों की ग्राहकी पर पड़ता दिखाई दे रहा है। पहले त्योहारी अथवा सीजनल ग्राहकी शुरू होने से कुछ महीने पहले ही बाजार में कपड़ों की मांग निकल जाया करती थी, लेकिन अब ऐसा नहीं होने से बाजार में बिक्री कम होने का अनुमान है।

कारोबार कम होने का दूसरा कारण चीन से सस्ते में हो रहा आयात भी है। घरेलू उत्पादकों के ऊँचे भाव के बदले आयातित माल सस्ता पड़ रहा है। इनमें कॉटन सूटिंग-शर्टिंग, ड्रेस मटीरियल का बड़े पैमाने पर आयात किया जा रहा है। चीन से बेडशीट्स, फैब्रिक और गारमेंट का आयात किया जा रहा है। इस कारण कॉटन टेक्सटाइल का हब माने जाते अहमदाबाद और पॉलिएस्टर टेक्सटाइल क्षेत्र में वर्चस्व रखते सूरत को भी झटका लगा है। गुजरात में कॉटन फैब्रिक्स का उत्पादन अनेक मिलों में होता है। इन मिलों के कारोबार पर बुरा असर पड़ा है। ऐसा कहा जा रहा है कि पिछली दीपावली के पहले से ही इस तरह के आयात में भारी वृद्धि हुई थी।

निर्यात में वृद्धि झलक रही है जबकि संभावनाएं अधिक है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय निर्यात बढ़ाना चाहता है। टेक्सटाइल एवं क्लोदिंग का निर्यात सन् 2023-24 में 34 से 43 अरब डॉलर है, उसे बढ़ाकर सन् 2029-30 तक 100 अरब डॉलर करने का लक्ष्य रखा गया है। इसी तरह रेडीमेड गारमेंट का निर्यात सन् 2023-24 के 14.53 अरब डॉलर से बढ़ाकर सन् 2029-30 तक 43 अरब डॉलर और कॉटन यार्न, फैब्रिक्स तथा मेडअप्स का निर्यात 11.68 अरब डॉलर से बढ़ाकर 27 अरब डॉलर तक पहुँचाने का लक्ष्य है। भारत से सन् 2023-24 में कॉटन, सिंथेटिक और सेल्युलोजिक कपड़ों का निर्यात किया गया, तो वहीं चीन ने इस अवधि में 100 अरब डॉलर का किया है।

विकसित राष्ट्र चाईना प्लस वन पॉलिसी के तहत वैकल्पिक सोर्सिंग की तलाश में है। माना जा रहा है कि भारत के टेक्सटाइल क्षेत्र को 10 वर्ष तक अच्छा अवसर है। ऑटोमेटिक वीविंग, नीटिंग और प्रोसेसिंग क्षमता में निवेश बढ़ाने से भारत रेडी टू कट प्रोसेस्ड कपड़ों में अच्छा प्रदर्शन कर सकता है। पिछले तीन वर्षो में भारत के टेक्सटाइल उद्योग ने 26000 करोड़ रू के खर्च से ऑटोमेटिक वीविंग और हाईटेक नीटिंग मशीन का आयात किया। इसी अवधि में 16000 करोड़ रू का ऑटोलूम आयात किए गए। इनमें चीन से 8200 करोड़ रू, जापान से 3300 करोड़ रू और इटली से 900 करोड़ रू के मशीन का आयात देश में किया गया।

रूई की आवक कम

# मिलों की मांग एवं निर्यात से भाव टाइट

**मुंबई/रमाशंकर पाण्डेय...**रूई बाजार ने बड़ी तेजी से करवट बदली है। इस बार रूई का क्लोजिंग स्टॉक पिछले वर्ष की तुलना में कम रहने, देश में कपास का उत्पादन कम होने की संभावना और एमएसपी भाव बढ़ाए जाने के बाद से कपास एवं रूई के भाव बढ़ने लगे हैं। यार्न का उत्पादन करती मिलों की रूई में निरंतर लेवाली रहने से रूई के बढ़े भाव बाजार में खप गए हैं लेकिन स्पिनिंग मिलें रूई के बढ़ रहे भाव से चिंतित है। एक रिपोर्ट के अनुसार एक सप्ताह में रूई के भाव में जितनी तेजी देखने को मिली है, वैसी तेजी इसके पहले कभी नहीं दिखाई दी। रूई का भाव नीचे की ओर लुढ़कता जा रहा था, परंतु अब घटे स्तर से 2000 रू बढ़कर संकर रूई का भाव प्रति खंडी 57700 से 58100 रू हो गए है। बाजार में रूई की आवक कम हो गई है परंतु कुछ किसानों के पास बचा कपास है, जो भाव बढ़ने के बाद आ रहा है, इसलिए जिनिंग इकाइयों में थोड़ा बहुत कामकाज हो रहा है। अब रूई की आवक अधिक नहीं है। नई सीजन की आवक शुरू होने में करीब तीन महीने का समय है। इसी को ध्यान में रखते हुए तमिलनाडु स्पिनिंग मिल्स एसोसिएशन ने कॉटन कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी रूई सीजन के अंत तक वास्तविक उपभोक्त । मिलों को बेंचने का अनुरोध किया है। सीसीआई के पास अभी 170 किलो की एक गांठ, ऐसी कुल 20 लाख गांठ रूई का स्टॉक होने की जानकारी मिल रही है, जो मिलों की 22 दिन तक रूई की जरूरत को पूरी कर सकती है। स्पिनिंग मिलों की औसत क्षमता उपयोग बढ़ने का अनुमान है। मध्य भारत और उत्तर भारत की मिलों में यार्न का उत्पादन अधिकतम क्षमता पर हो रहा है, जबकि दक्षिण भारत की मिलों में 80 प्रतिशत की क्षमता से यार्न का उत्पादन किया जा रहा है। कॉटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया का अनुमान है कि सितम्बर के अंत तक चालू सीजन के लिए बंद स्टॉक पिछले वर्ष के 28.90 लाख गांठ के मुकाबले कम होकर 20.50 लाख गांठ रहेगा। यद्यपि चालू सीजन के लिए रूई की कुल उपलब्धि शुरूआती स्टॉक, आयात को मिलाकर 363 लाख गांठ रहने का है, जो पिछले वर्ष के 355.4 लाख गांठ से अधिक है। लेकिन मांग का अनुमान पिछले वर्ष के 311 लाख गांठ से अधिक 317 लाख गांठ है। इतना ही नहीं, सितम्बर में समाप्त हो रहे चालू सीजन में देश से रूई का निर्यात पिछले वर्ष से अधिक होने का अनुमान लगाया जा रहा है। यद्यपि वैश्विक बाजार की तुलना में भाव बढ़ने के बाद भारत की रूई कुछ महंगी पड़ रही है, परंतु पड़ोसी देश बांग्लादेश की मिलों में रूई की बढ़ी मांग के कारण रूई का निर्यात बढ़ेगा। कॉटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया को आशा है कि निर्यात शिपमेंट 26 लाख गांठ तक हो सकता है, जो पिछले सीजन के 15.5 लाख गांठ से करीब 67.7 प्रतिशत अधिक है। ऐसा कहा जा रहा है कि अमेरिका एवं ब्राजील से रूई का आयात करने में शिपमेंट में देरी होती है जबकि भारत से 5-6 दिनों में रूई मिल जाती है। इसलिए हर महीने बांग्लादेश को रूई का निर्यात है।




REAL SILK INDUSTRIES

*Manufacturers of Exclusive Shirtings*

Head Office: 2nd Floor, 13/15 Anantwadi, Kalbadevi Road, Mumbai - 400002.
Contact. 9820612535, 9920105020
Email: realsilk.ind@gmail.com, Web: www.realsilkind.com

*Dealership & Agency Enquiry Solicitate*


# प्रतिष्ठित शर्टिंग ब्राण्ड Reality की कोलकाता में रिटेल कॉन्फ्रेंस संपन्न



**मुम्बई/** शर्टिंग फैब्रिक के उत्पादन एवं हमेशा नये कलेक्शन पर जोर देने वाले शर्टिंग ब्राण्ड रियलिटी आगामी सीजन की भरपूर तैयारियों के साथ आगे बढ़ता जा रहा है। फैन्सी शर्टिंग में दमदार नेटवर्क के साथ भारत की तमाम मण्डियों में अपनी पैठ जमा चुका है।

कम्पनी के युवा डायरेक्टर श्री विराट जैन एवं श्री चिंतन जैन ने बताया कि हाल ही में हमारे द्वारा 4 व 5 जुलाई, 2024 को कोलकाता स्थानीय डीलर के तत्वावधान में भव्य रिटेल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। यह कॉन्फ्रेंस कोलकाता के पाँच सितारा द पोलोफ्लोटेल होटल में आयोजित की गई। जहां कम्पनी के ब्राण्ड रियलिटी द्वारा अपने उत्पादों का भव्य डिस्प्ले किया गया जो आगामी सीजन के लिए एक शानदार कलेक्शन था। कम्पनी द्वारा इस दौरान 58'' शर्टिंग में कॉटन, प्लेन, जैकार्ड, लिनों फैब्रिक, कुर्ता फैब्रिक ब्राइट कलर्स के चार्ट, डोबीज की शानदार रेंज पेश की जो व्यापारियों को काफी पसंद आई एवं व्यापारियों ने बढ़-चढ़कर बुकिंग भी कराई। व्हाइट एण्ड व्हाइट में डोबीज, प्लेन, स्लब के कलर चार्ट व्यापारियों ने खूब सराहा। कॉटन की रेंज को इस दौरान बहुत अच्छा रिस्पॉन्स मिला।

विदित रहे कि रियलिटी ब्राण्ड आज भारत की तमाम मण्डियों पर अपना सेल्स नेटवर्क स्थापित करते हुए कम्पनी हमेशा अपने मूल सिद्धांतों के साथ आगे बढ़ती जा रही है।









Simone Federico & Figli began its journey from the picturesque town of Biella, nestled in the heart of Italy.

NOW IN INDIA SOON AVAILABLE IN A STORE NEAR YOU.

Scan for website

# आगामी सीजन की तैयारी में वस्त्र उद्योग

## खुदरा में ग्राहकी सीमित

**नई दिल्ली/ राजेश शर्मा**

छिटपुट ग्राहकी के बाद स्थानीय कपड़ा बाजार में ग्राहकी का सूनापन जारी रहा, लेकिन मिलें, एजेंट और व्यापारी आगामी दिनों में शानदार मांग निकलने की आशा से तैयारी में जुटे हुए हैं और मिलें विंटर सीजन की बुकिंग कर रही हैं। व्यापारियों का कहना है कि गत पखवाड़े के दौरान सीमित ग्राहकी निकली क्योंकि जुलाई में केवल चंद वैवाहिक तिथियां थी, लेकिन बाद में फिर सन्नाटा-सा छा गया। जानकारों के अनुसार इस वर्ष कारोबार में धीमापन कुछ अधिक लम्बा खिंच गया तथा इसके अभी और जारी रहने की संभावना व्यक्त की जा रही है। व्यापारियों का कहना है कि इस वर्ष समर सीजन चुनाव, गर्मी और अब बरसात की भेंट चढ़ गया है लेकिन मध्य अगस्त के बाद जो ग्राहकी आरंभ होगी उसके फरवरी-मार्च तक जारी रहने का की संभावना है क्योंकि इस अवधि में रक्षा-बंधन के अतिरिक्त दुर्गा पूजा, दशहरा, दीपावली आदि त्यौहार तो हैं ही वैवाहिक सीजन भी भरपूर है।

इसे देखते हुए आशा है कि अब कुछ महीनों तक बाजार में गहमा-गहमी बनी रहेगी और यही कारण है कि मिलें, एजेंट और व्यापारी थोक तथा खुदरा बुकिंग आदि में लगे हुए हैं। इसी बीच, टेक्सटाइल उद्योग और व्यापारियों की नजर 2024-25 के बजट प्रस्तावों पर लगी हुई। उन्हें आशा है कि इस बजट में सरकार टेक्सटाइल के को अनेक राहत देने के साथ ही आयकर छूट में वृद्धि करेगी तथा एमएसएमई के भुगतान संबंधी नियमों में भी छूट दे सकती है।

**धन की तंगी...** व्यापारियों का कहना है कि बाजार में धन की तंगी बनी हुई है और बाजार से पैसे का गायब होना उनकी समझ से बाहर है। अब बाजार में अनेक व्यापारियों ने नकद में व्यापार आरंभ कर दिया है। इसी बीच, दिल्ली बाजार में जहां थोक व्यापारियों की संख्या में कोई बढ़ोतरी नहीं हो रही है, वहीं अनेक सेमी-होलसेलर रिटेल कारोबार करने लगे हैं। जानकारों का कहना है कि रिटेल में मार्जिन अच्छा मिलने के साथ ही बिक्री नकद होती है। वैवाहिक साड़ियों, लहंगों आदि में ग्राहकी का लगभग पूरी तरह अभाव बना रहा, लेकिन कॉटन आइटमों में सीमित कारोबार बना रहा। व्यापारियों का कहना है कि सूटिंग में कारोबार नीरस रहा, हालांकि मिलों की बुकिंग चल रही है। सूटिंग में रेडीमेड निर्माताओं की पूछ-परख आ रही है क्योंकि उन्होंने विंटर की सेम्पलिंग आरंभ कर दी है लेकिन वहां से भुगतान की स्थिति कमजोर चल रही है।

सिंथेटिक सूटिंग में विगत दिनों ग्राडो, डोनियर आदि ने अच्छी बुकिंग की है, वहीं रीड एंड टेलर ने कुआलालम्पुर में अच्छी बुकिंग प्राप्त की है। इसके अतिरिक्त ट्वीड की भी व्यापक रेंज दी है क्योंकि जैकेट आदि का चलन बढ़ रहा है। कडिनी ने कैनिटी और कैवेलेरो डीटीआर सेक्शन में अच्छी प्राप्त की है। मिलों ने टीआर और पोलीवूल में नई रेंज बाजार में उतारी है। शर्टिंग में कुल मिलाकर कारोबार कमजोर रहा तथा निर्माताओं की सीमित बुकिंग मिली। जानकारों का कहना है कि विंटर सीजन में शर्टिंग की मांग सीमित ही रहती है। सीजन नहीं होने के कारण वैवाहिक साड़ियों, लहंगा और चुनरी आदि में ग्राहकी का अभाव बना रहा जबकि सिंथेटिक साड़ियों में सीमित ग्राहकी रहीं। जानकारों का कहना है कि लेडीज सूटिंग में ग्राहकी कमजोर रही क्योंकि ऑनलाइन खरीद का चलन दिनों-दिन बढ़ रहा है। आगामी विंटर सीजन को देखते हुए बुटीक वालों ने तैयारियां आरंभ कर दी तथा सेम्पलिंग कर रहे हैं।

# FOSTTA के संविधान में किए नए प्रावधानों के अनुसार अब कपड़ा व्यापारी भी बन सकेंगे 'फोस्टा' के सदस्य

**सूरत/** किसी भी संस्था का संविधान उसकी पारदर्शिता एवं प्रामाणिकता की पहचान होता है। फोस्टा की ओर से जारी प्रपत्र में बताया गया कि 70000 दुकानों के कपड़ा व्यापारियों के संगठन फेडरेशन ऑफ़ सूरत ट्रेड एण्ड टेक्सटाइल एसोसिएशन (फोस्टा) का संविधान सेक्शन-8 के अंतर्गत रजिस्टर्ड कराया गया है।

फोस्टा के संविधान के अंतर्गत सूरत कपड़ा बाजार से जुड़े कपड़ा व्यापारियों को फोस्टा के सदस्य बनने का अवसर मिलेगा। जो सूरत के कपड़ा व्यापारियों की हार्दिक इच्छा थी, जिसकों ध्यान में रखते हुए व्यापारिक परिवार के हर सदस्य को उसका अधिकार मिले, इसी उद्देश्य से यह संविधान बनाया गया है। फोस्टा के सदस्य बनने के लिए प्रोसेस्ड (रंगीन)कपड़े का व्यापारी होना अनिवार्य है। जिसमें तीन केटेगरी के अंतर्गत (प्लेटिनम, सिल्वर, गोल्ड) मेंबरशिप ड्राइव चलाई जाएगी। जिसमें प्रोसेस्ड (रंगीन) कपड़े का व्यापार कर रहे सभी व्यापारी बंधु फोस्टा के सदस्य बन सकते हैं।

फोस्टा के इन तीन में से कोई भी एक केटेगरी का सदस्य ही चुनावी प्रक्रिया में उम्मीदवारी हेतु आवेदन कर सकते हैं और वोटिंग का अधिकार भी फोस्टा सदस्य को ही मिलेगा। जिसमें लगभग प्लेटिनम में 50', गोल्ड में 30' और सिल्वर में 20' के तौर पर भाग लेने का अवसर मिलेगा।

साथ ही फोस्टा द्वारा एक आधुनिक तकनीक और AI BASED सोफ्टवेयर/एप्लिकेशन बनाया गया है जो बहुत ही जल्द आप सभी के समक्ष रखा जायेगा। यह एप आपके व्यापार की सुरक्षा एवं जानकारी के साथ-साथ व्यापारी सूचना आदान-प्रदान एवं विकास के लिए वरदान साबित होगी।

# इरोड़ टेक्सटाइल ट्रेडर्स एसोसिएशन (ETTA) की एजीएम मीटिंग मिलन भवन इरोड़ में सम्पन्न





**इरोड़/ लालचन्द डागा...**स्थानीय वस्त्र मण्डी का सबसे बड़ा कपड़ा व्यापार संगठन इरोड़ टेक्सटाइल ट्रेडर्स एसोसिएशन (ETTA) की एजीएम मिटिंग का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान ETTA के लगभग सभी सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। कार्यक्रम के दौरान ETTA संगठन के अध्यक्ष श्री रामरतन कोठारी और आईपीपी श्री अशोक कालरा ने इरोड़ के सर्वव्यापार संगठन FATTA के मानद सदस्यता ग्रहण की। एजीएम का संचालन संगठन के सचिव श्री दिलीप सराफ द्वारा किया गया। गौरतलब है कि इस संस्था में कुल 325 सदस्य है और यह संस्था सदस्यों के व्यापार संबंध में आने वाली समस्याओं के लिए सहायता प्रदान करता है। कार्यक्रम में सभी सदस्यों द्वारा भारत सरकार से मांग की गई कि एमएसएमई की 45 दिन की धारा सभी स्तर पर लागु होनी चाहिए क्योंकि इसके लागु होने के बाद व्यापार में बड़ी समस्या एवं असंतुलन पैदा हो गया है।

### टेक्सटाइल मार्केट की 60 साल पुरानी संस्था की सकारात्मक पहल

# आढ़तिया कपड़ा एसोसिएशन, सूरत व्यापारियों की भुगतान संबंधी समस्या का समाधान करने में आगे

**सूरत /** सूरत कपड़ा आढ़तिया एसोसिएशन (AKAS) 60 साल पुरानी सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त रजिस्टर्ड, स्वतंत्र और निष्पक्ष संस्था है। शहर के सभी आढ़तिया कपड़ा व्यापारी, आढ़तिया, एजेंट, प्रोसेसर और सभी संस्थाओं समेत 70 हजार दुकानों का प्रतिनिधित्व करने वाली संस्था है। वर्तमान में अति ऊर्जावान अध्यक्ष श्री प्रहलाद अग्रवाल संस्था के अध्यक्ष के रूप में सेवा दे रहे है। श्री अग्रवाल ने बताया कि सूरत कपड़ा मार्केट का अधिकतर व्यापार आढ़तिया और एजेंट के माध्यम से होता है। AKAS कपड़ा मार्केट के सभी घटकों के बीच कार्य करती है। जैसे आढ़तिया, एजेंट, दुकानदार अथवा बाहर मंडी के व्यापारी के बीच कोई व्यावसायिक विवाद यानी धारा-धोरण या भुगतान सम्बंधी तकरार हो, उसको सकारात्मक ढंग से समाधान कराने में संस्था द्वारा मदद की जाती है। संस्था बिना कोई दुर्भावना के निष्पक्ष समाधान कराती है। गलत नियत से भुगतान रोकने का प्रय| करने वाले व्यापारियों को संस्था द्वारा समझाने का प्रयास किया जाता है। व्यापार के लिए अच्छा बुरा समझाया जाता है। उसके बावजूद भी व्यापारी समझने का प्रयास नहीं करता अथवा अपनी मनमानी करता है तो उस व्यापारी के व्यापार पर प्रतिबंध लगाकर अपने सदस्यों को सूचना भेजी जाती है व उक्त व्यापारी से सावधान व सचेत रहने का आग्रह करती है। साथ ही ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन में सूचना भेजकर उसकी बुकिंग बन्द करने की सूचना दे दी जाती है। संस्था आर्बिट्रेशन एक्ट में रजिस्टर्ड होने से लगभग 150 करोड़ रोये का पूर्व में अवॉर्ड दे चुकीं है। न्यायालय द्वारा संस्था के फैसले को सही मानते हुए कुर्की जब्ती का आदेश दे चुकी है। संस्था के कार्यों को देखते हुए आढ़तिया एजेंट अपनी संस्था समझकर विश्वास के साथ आते हैं। उनके विश्वास पर संस्था खरा उतरने व कार्य होने और डायरेक्टर को खुशी का अहसास होता है।



श्री प्रहलाद अग्रवाल
अध्यक्ष, AKAS

व्यापारिक कार्यों के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी संस्था अग्रणीय भूमिका में कार्य कर रही है। पिछले 46 वर्षों से रामलीला, दशहरा, कवि सम्मेलन आदि का आयोजन संस्था के सदस्यों द्वारा शुरू किया गया था जिसका आयोजन निरंतर होता आ रहा है। इस वर्ष आढ़तिया एसोसिएशन द्वारा सप्लायर्स की 15.87 करोड़ से अधिक राशि की शिकायतों का सुखद समाधान किया गया है।




टेक्सटाइल वर्ल्ड
Presents
Uni World
A unique destination for
all uniform solutions
UNIWORLD 4th Edition
UNIFORM & FASHION EXPO
STALL BOOKING OPEN
16 - 17 DEC 2024
KOLKATA
VENUE
BISWA BANGLA
MELA PRANGAN
KOLKATA
EXHIBITORS
UNIFORM ZONE
All Type of Uniform Fabric
Uniform Saree & Suits
Uniform Garments
Knitting Fabric
Uniform Accessories
ETHNIC | FANCY &
GARMENT FABRIC ZONE
Mens & Womens
Ethnic Fabric
Suiting - Shirting
Garment & Denim Fabric
ORGANIZER
SSS Media
Publications Pvt. Ltd.
FOR MORE INQUIRY :
80035 96092 | 80056 60394
Email: textileworldtw@gmail.com
Web: www.textileworld.org


Etnico Collection®
Rethink Ethnic..!!
SINCE 1990
Mukut Mani®
HOUSE OF FABRIC
AN ISO CERTIFIED COMPANY 9001:2015
Mumbai - 02
Email : mukut_mani5000@yahoo.co.in
Email: etnicocollection2019@gmail.com

## सम्पादकीय....

# दहशतगर्दी ने बढ़ाई सरकार और आवाम की चिंता

**आतंकवादी** अब कश्मीर के साथ-साथ फिर से जम्मू क्षेत्र को अपना ठिकाना बनाने लगे हैं। पिछले करीब डेढ़ दशक के दौरान सुरक्षाबलों के आतंकवाद के खिलाफ विशेष अभियान के बाद जम्मू क्षेत्र अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण रहा। आतंकी खतरें के लिहाज से जम्मू को काफी हद तक सुरक्षित माना जाने लगा था। मगर पिछले दो-तीन माह से इस क्षेत्र में आतंकवादी हमले बढ़ने लगे हैं। डोडा जिले में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में सेना के एक कैप्टन सहित चार जवानों की शहादत इसी का उदाहरण है। इस इलाके में पिछले तीन सप्ताह के भीतर सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ की यह तीसरी बड़ी घटना है। आतंकी अब जम्मू में लक्षित हमलों को भी अंजाम दे रहे हैं। पिछले माह रियासी जिले में एक बस पर आतंकी हमले में नौ तीर्थयात्रियों के मारे जाने की घटना इसमें से एक है।

जम्मू क्षेत्र में बढ़ती आतंकी घटनाएं सुरक्षाबलों और शासन-प्रशासन के लिए गंभीर चिंता का विषय है। इस आतंकी सक्रियता के पीछे सीमा पार बैठे आतंकी सरगनाओं की सोची-समझी चाल है। वे किसी भी सूरत में जम्मू-कश्मीर में स्थायी तौर पर अमन-चैन बहाल नहीं होने देना चाहते। डोडा जिले में मुठभेड़ की यह ताजा घटना कठुआ जिले के दूरस्थ माचेड़ी वन क्षेत्र में सेना के गश्ती दल पर आतंकी हमले के कुछ ही दिन बाद हुई है, जिसमें पाँच सैनिक शहीद हो गए थे। गौरतलब है कि हाल में ज्यादातर मुठभेड़ की घटनाएं सुरक्षाबलों के तलाशी अभियान के दौरान हुई हैं। यानी सुरक्षाबलों को क्षेत्र में आतंकियों के छिपे होने की सूचना तो मिल जाती है, लेकिन वे किस तरह के हथियारों से लैस हैं और उनकी रणनीति क्या है, इसकी स्टीक जानकारी नहीं मिल पाती है। खुफिया जानकारी में यह बात सामने आई है कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी खुद को सुरक्षा एजेंसियों की नजर से बचाने के लिए अब 'संरक्षण और समेकन' की रणनीति अपना रहे हैं। यानी आतंकवादी सीमा पार से घुसपैठ करने के बाद शुरूआत में चुप रहते हैं और स्थानीय आबादी के साथ घुलमिल जाते हैं। जैसे ही उन्हें सीमा पार से निर्देश मिलता है, वे हमले को अंजाम देने में जुट जाते हैं। उत्तरी कश्मीर और जम्मू क्षेत्र में हाल में आतंकियों द्वारा घात लगाकर किए गए हमले इसका ताजा उदाहरण हैं। आम लोगों के बीच छिपे हुए आतंकवाद के इस खतरे से निपटने के लिए सुरक्षा बलों को जल्द ठोस और कारगर रणनीति बनानी होगी। तकनीकी खुफिया जानकारी के साथ-साथ जमीनी स्तर पर 'मानव खुफिया' नेटवर्क भी मजबूत करने की जरूरत है। खुफिया जानकारी में यह बात भी सामने आई है कि आतंकवादी सीमा पार से संपर्क के लिए 'अल्ट्रा सेट' फोन जैसे एन्क्रिप्टेड संचार उपकरणों का उपयोग करने लगे हैं, जिससे उनके ठिकाने और रणनीति की सटीक जानकारी हासिल कर पाना मुश्किल हो जाता है। इस तरह की तकनीकी चुनौती से पार पाने के लिए भी सुरक्षा एजेंसियों को गंभीरता से विचार करना होगा। वहीं, जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक का कहना है कि आतंकवादी पंजाब से लगती पाकिस्तान की सीमा से भी घुसपैठ कर जम्मू पहुंच रहे हैं। इसलिए इस इलाके में फिर से आतंकी वारदात बढ़ने लगी हैं। अगर ऐसा है तो सुरक्षाबलों के साथ-साथ पंजाब और जम्मू-कश्मीर प्रशासन को सीमा पर घुसपैठ रोकने के लिए साझा रणनीति बनाने की जरूरत है, ताकि आतंकियों के तंत्र को नेस्तनाबूद किया जा सकें।

## कुछ नया, कुछ अलग •

# व्यक्तित्व का सबसे बड़ा गुण यानी धैर्य जिसका आज की पीढ़ी में दिख रहा निरंतर अभाव



श्री हरेश मेहता
प्रेसीडेन्ट-यश कॉटन कॉरपोरेशन
(प्रसिद्ध मार्केटिंग गुरू)

**मित्रों,**

आज के आधुनिक युग में मानों जल्दबाज़ी, हड़बड़ी और उतावलापन मानव जीवन की पहचान-सी बन गई है। खासकर के शहरी जीवन काफी तेज़ रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। किसी के पास दो पल का भी वक्त नही है। सिग्नल की बत्ती लाल से हरी होते ही लोग जोर-जोर से हॉर्न बजाना शुरू कर देते है। एक चीज़ जिसकी लोगों के जीवन में मुझे कमी महसूस हो रही है वो है धैर्य। वैसे तो हमारे यहाँ कहा गया है कि सब्र का फल बड़ा मीठा होता है। रामायण का माँ शबरी का प्रसंग आप सभी को पता ही होगा। माँ शबरी ने सालोंसाल तक भगवान राम की प्रतीक्षा की। उन्होंने कभी अपना धैर्य नही खोया और आखिरकार एक दिन मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम उनकी झोंपड़ी तक पहुँच ही गए। इसी तरह हमारे जीवन में भी धीरज का होना अति आवश्यक है।

भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा है ''धैर्य खोना मतलब युद्ध हारने के समान है''। धैर्य ! सिर्फ दो अक्षर का एक छोटा-सा शब्द है लेकिन इसे व्यक्तित्व का सबसे बड़ा गुण कहा गया है। वैसे तो यह कहा जाता है कि धैर्य रखना सबसे कठिन काम है, किन्तु हर एक सफल इंसान के भीतर धैर्य का गुण अक्सर पाया जाता है। धैर्य किसी व्यक्ति की कमजोरी नही परंतु उसकी अंदरूनी शक्ति होती है जो अक्सर दृढ़ इच्छाशक्ति रखने वाले इंसानों में पाई जाती है। इसीलिए, किसी भी क्षेत्र में सफलता हासिल करनी है तो व्यक्ति में धैर्य का होना आवश्यक है। जीवन में जो लोग धैर्य का साथ छोड़ते हैं, उन्हें अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

मित्रों, क्रिकेट विश्वकप की फाइनल में भव्य विजय मिलने के बाद भारत की क्रिकेट टीम को विश्वकप की ट्रॉफी उठाते हम सबने देखा। लेकिन क्या आपको पता है टीम इंडिया विश्वकप जितने में कैसे सफल रही? क्योंकि हमारी टीम ने धैर्य रखा। जी हां, दोस्तों। पिछले साल नवंबर में वर्ल्डकप फाइनल हारने के बाद कोई अन्य टीम होती तो धैर्य खो बैठती। पर यह हमारे भारत की जांबाज़ टीम थी जिसने धैर्य नही खोया और अपने हौंसले बुलंद रखें और इस धैर्य का सकारात्मक परिणाम इंडियन टीम को सिर्फ सात महीनों के अंदर मिला। दोस्तों, तो लम्हा भी याद कीजिये जब फाइनल में दक्षिण अफ्रीका की टीम को महज़ 30 गेंदों में 30 रन की जरूरत थी। ऐसा लग रहा था जैसे दक्षिण अफ्रीका की टीम इस बार आसानी से वर्ल्डकप की ट्रॉफी जीत जाएगी और भारतीय टीम को फिर एक बार वर्ल्डकप फाइनल में शिकस्त का सामना करना होगा। लेकिन हमारी टीम ने उस वक्त धैर्य से काम लिया, चतुराई से काम लिया और हारी हुई बाज़ी को जीत में पलट दिया। धैर्य को अगर हम व्याख्यायित करना चाहे तो कैसे करे? धैर्य का अर्थ है ''बिना परेशान हुए दर्द को स्वीकार करने या सहन करने की क्षमता''। यह दर्द मानसिक भी हो सकता है और शारीरिक भी हो सकता है। परंतु क्या ये व्याख्या काफी संक्षिप्त नही होगी? धैर्य कठिन परिस्थितियों में व्यक्ति की सहनशीलता की अवस्था है जो उसके व्यवहार को क्रोध या खींझ जैसी नकारात्मक प्रवृत्तियों से बचाती है। दीर्घकालीन समस्याओं से घिरे होने के कारण व्यक्ति जो दबाव या तनाव अनुभव करने लगता है उसको सहनकर सकने की क्षमता भी धैर्य का एक उदाहरण है। ठीक वैसे ही धैर्य नकारात्मकता से पूर्व सहनशीलता का एक स्तर है। यह व्यक्ति की चारित्रिक दृढ़ता की निशानी भी है।

व्यापार में भी सूझबूझ, कड़ी मेहनत के साथ-साथ धैर्य का होना भी जरूरी है। एक बार एक बिजनेसमैन ने भगवान से पूछा कि, मैं इतना लगन से काम करता हूँ फिर भी मुझे इच्छित सफलता क्यों नही मिलती? कड़ी मेहनत करने के बावजूद क्यों मैं हमेशा से परेशान रहता हूँ? भगवान ने उसे एक दृष्टांत देते हुए समझाया की एक बाँस के पेड़ की तुलना घास से करों। मैंने दोनों को बराबर से पानी दिया है। बराबर मात्रा में सूर्यप्रकाश दिया। दो साल के अंत में घास बहुत बड़ी हो गई थी जबकि बाँस के बीज में कोई बदलाव दिखा नहीं। तीसरे साल में बाँस के बीज से एक नन्हा-सा पौधा निकला और अगले छह महीनों में बाँस का ये छोटा-सा पौधा घास से भी ज्यादा लम्बा हो गया। यह दृष्टांत हमें बखूबी से धैर्य का पाठ पढ़ाता है।

कबीर के एक दोहे से आज की बात को विराम देना चाहूँगा।

**बहुत गई थोड़ी रही, व्याकुल मन मत होय।**
**धीरज सबका मित्र है, करी कमाई न खोय।।**

Email: harresh.mehta@yashcotton.com | Mobile +91 82916-71111

# अपार सम्भावनाओं का स्वामी उत्तरप्रदेश

**HAPPINESS INDEX**

गतांक से आगे...



श्री अवधेश कुमार शर्मा
B.Text.M.M.F.T.
Chartered Engineer
Mob.: 94794 48612

**पूँजीवाद-** साम्राज्य बाद का शक्तिशाली योद्धा ही पूँजीवाद था जो बाद में खुद राजा बन बैठा। पूँजीवाद को अक्सर एक आर्थिक प्रणाली के रूप में माना जाता है जिसमें निजी अभिनेता अपने हितों के अनुरूप संपत्ति का स्वामित्व और नियंत्रण करते हैं और मांग व आपूर्ति बाजारों में स्वतंत्र रूप से कीमतें निर्धारित करती हैं, जिससे समाज के सर्वोत्तम हितों की पूर्ति हो सके। पूँजीवाद की अनिवार्य विशेषता लाभ कमाने का मकसद है।

एक आर्थिक प्रणाली के रूप में पूँजीवाद की उत्पत्ति 16वीं शताब्दी में मानी जा सकती है। इंग्लैंड में 16वीं से 18वीं शताब्दी तक कपड़ा उद्योग जैसे बड़े उद्यमों के औद्योगिकीकरण ने एक ऐसी प्रणाली को जन्म दिया जिसमें उत्पादकता बढ़ाने के लिए संचित पूंजी का निवेश किया गया - दूसरे शब्दों में पूँजीवाद। हालाँकि, किसी एक व्यक्ति को पूँजीवाद का आविष्कार करने वाला नहीं कहा जा सकता है और पूर्ववर्ती पूँजीवादी प्रणालियाँ प्राचीन काल से ही अस्तित्व में थी। मुक्त बाजार या मुक्त उद्यम प्रणाली पूँजीवाद का दूसरा नाम है, जो उत्पादक संसाधनों के निजी स्वामित्व पर आधारित आर्थिक प्रणाली है।

**साम्यवाद-**20वीं शताब्दी में मज़दूरों ने रूस, चीन, क्यूबा और अन्य देशों में शासन करने वालों को उखाड़ फेंका और निजी संपत्ति और उत्पादन के साधनों पर कब्ज़ा कर लिया। ब्रिटेन के स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में जर्मन इतिहासकार अलब्रेख्त रिसल कहते है कि 'भूमण्डलीकरण के पहले आलोचक थे मार्क्स, उन्होंने दुनिया में बढ़ती गैर-बराबरी के प्रति चेतावनी दी थी।' सन् 2007-08 में आई वैश्विक मंदी ने एक बार फिर उनके विचारों को प्रासंगिक बना दिया।

मार्क्स के 4 सिद्धांत को सभी ने माना -

**1- राजनीतिक कार्यक्रम**

'कम्युनिस्ट घोषणापत्र' और अपने अन्य लेखों में मार्क्स ने पूँजीवादी समाज में 'वर्ग संघर्ष' की बात की है और बताया कि कैसे अंततः संघर्ष में सर्वहारा वर्ग पूरी दुनिया में बुर्जुआ वर्ग को हटाकर सत्ता पर कब्जा कर लेगा।

**2- मंदी का बार-बार आना**

पूँजीवाद के 'पिता' एडम स्मिथ के 'वेल्थ ऑफ़ नेशन' से उलटे मार्क्स का मानना था कि बाजार को चलाने में किसी अदृश्य शक्ति की भूमिका नहीं होती। बल्कि, वो कहते है कि मंदी का बार-बार आना तय है और इसका कारण पूँजीवाद में ही निहित है।

**3- अकूत मुनाफा और एकाधिकार**

मार्क्स के सिद्धांत का एक अहम पहलू है- 'अतिरिक्त मूल्य' ये वो मूल्य है जो एक मजदूर अपनी मजदूरी के अलावा पैदा करता है। मार्क्स के मुताबिक, समस्या ये है कि उत्पादन के साधनों के मालिक इस अतिरिक्त मूल्य को ले लेते हैं और सर्वहारा वर्ग की क़ीमत पर अपने मुनाफे को अधिक से अधिक बढ़ाने में जुट जाते हैं। इस तरह पूँजी एक जगह और कुछ चंद हाथों में केंद्रित होती जाती है और इसकी वजह से बेरोजगारी बढ़ती है और मजदूरी में गिरावट आती जाती है।

# A.K. प्रोसेस में 5th स्टेज का R.O. स्थापित किया गया





**भीलवाड़ा/** स्थानीय वस्त्र मण्डी के शीर्ष प्रोसेस गृहों में शुमार **ए. के. स्पिनटेक्स** में पिछले पखवाड़े जीरो डिस्चार्ज में और स्तर बढ़ाते हुए 5वें स्तर का आर. ओ. लगाया गया, जो लेटेस्ट एवं उन्नत तकनीक से परिपूर्ण है। प्रोसेस गृह के टेक्नीकल चीफ श्री अरुण सिंह ने बताया कि कंपनी द्वारा 5th स्टेज का आर. ओ. लगाया गया जिसमें एक लीटर पानी भी बाहर नही जाएगा एवं न ही छिड़काव होगा, क्योंकि यह प्लाण्ट पूर्णरूप से पैक है। कंपनी जीरो पॉलिसी के तहत शत-प्रतिशत पॉल्यूशन मानदण्डों की पालना के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। मुहूर्त के दौरान कंपनी के टेक्नीकल प्रेसीडेंट श्री अरुण सिंह, HR श्री राजेन्द्र सिंह भाटी, कॉमर्शियल मैनेजर श्री संजय मारू, इंजीनियर श्री राजेश तोतला एवं कंपनी के स्टाफ उपस्थित हुए।

## YARN RATES
## यार्न रेट्स 20 जुलाई, 2024

### C.T.M.

PH. 247511, 247512, 9829045130

| | |
|---|---|
| 2/30 NTBL | 225 |
| 2/18 Dyed | 190 |
| 2/40 Dyed | 265 |
| 2/30 Frosted | 215 |
| 2/30 Dyed Slub | ----- |
| 2/30 School Dress Clourer | 225 |

### R.T.M

PH. 24766, 9829046404

| | |
|---|---|
| 2/30 Dyed Ntbl | 218 |
| 2/40 Dyed | 258 |
| 2/30 Frosted | 216 |

### Birla Tex Mills

| | |
|---|---|
| 2/18 Dyed | 99 |

### SRM Spinners

Mob. 8078660873

| | |
|---|---|
| 2/18 PV Diamond | 157 |
| 2/18 PV Navy 85:15 | 166 |
| 2/18 PV Black 70:30 | 165 |
| 2/18 R Navy 70:30 | 162 |
| 1/15 Poly Black | 114 |
| 20 PV Black | 150 |
| 15 PV Black | 143 |

### GRASIM INDUSTRIES LTD.

PH. 247324, 93521-45544

| | |
|---|---|
| 2/30 NTBL | 230 |
| 2/40 Dyed | 270 |
| 2/50 Dyed | 335 |

### PANIPAT YARN

Mob: 9416031498

| | |
|---|---|
| **TEXTURISE** | |
| 150 Roto Grey. | 118-158 |
| 150 Roto Black. | 125-167 |
| 150 Roto Bright. | 138-158 |
| 150/250 grey. | 131-178 |
| 150/250 dyed | 146-199 |
| 150 FDY. | 141 |
| **P.V. Yarn** | |
| 2/20 Grey CL | 132 |
| 2/40 POLY | 185 |
| 2/15 Poly Grey | 126 |
| 2/20 Poly CL | ----- |
| 20 Poly CL | 122 |
| **Cotton Yarn** | |
| 4 cone OE | 64-105 |
| 6 cone. OE | 71-155 |
| 10 cone OE | 94-200 |
| 2/4 cone OE | 93-159 |
| 2/6. OE | 95-172 |
| 2/8 OE | 98-174 |
| 2/10 OE. | 112-217 |
| 2/20 OE. | 226-287 |
| 2/30 RF. | 307-419 |
| 2/40 RF | 301-403 |
| **STAPLE YARN** | |
| 10 CONE | 196 |
| 15 CONE | 202 |
| 20 CONE | 208 |
| 2/15 CONE | 214 |
| 2/40 CONE | 265 |

### VISAKA IND. LTD.

PH. 93514-27900

| | |
|---|---|
| 2/20 Poly Grey@ | 165 |
| 2/24 Poly Grey@ | 172 |
| 2/30 Poly Grey@ | 177 |
| 2/40 Poly Grey@ | 205 |
| 2/60 Poly Grey@ | 265 |
| 2/76 Poly Grey@ | 322 |
| 2/30 PV Black @ | 227 |
| 2/40 PV Black @ | 267 |
| 2/30 PV HD Dyed @ | 250 |

### GORAKHPUR YARN PRAHALAD RAI & CO.

PH. 99358-27000

| | |
|---|---|
| **Ankur** | |
| 1/20 pv | NA |
| 1/15 pv | NA |
| 2/30 pv | NA |
| **Jaanvi** | |
| 1/15 psy | 134 |
| **Triveni** | |
| 2/40 pv | 222 |
| 2/30 pv | 195 |
| 1/20 pv | 168 |
| 1/15 pv | 162 |

### NEETA YARNS

Ph. 022-28335766, 093246-70428
(M) 98210-82022
Fancy Yarn Per Kg

| | |
|---|---|
| 30/62 Alpine | 218 |
| 2/60 PVT | 220 |
| 2/60 Polyster | 235 |
| 2/80 PC Combed | 355 |
| 2/76 Polyster | 280 |
| 2/60 P.V. | 265 |
| 2/60 PC 65/35 | 275 |

### MODTEX TEXTURISERS

PH. 246496, 98292-50430

| | |
|---|---|
| 150/400 Cone Dyed | 198+GST |
| 150 HIM Cone Dyed | 187+GST |
| 300 HIM Cone Dyed | 186+GST |

Cd : 3rs/kg

### PAWAN ENTERPISES 9414111656

| | |
|---|---|
| **Triveni Spinning** | |
| 1/15 Pv. 70/30 Z Black@ | 160 |
| 2/30 pv 70/30 Z Black@ | 200 |
| 2/40 Pv70/30 Z Black@ | 230 |
| **Vergine Quality** | |
| 1/15 Pv 70/30 Grey @ | 158 |
| 1/20 Pv 70/30 Grey@ | 160 |
| 2/15 Pv 70/30 Grey@ | 168 |
| 2/18 Pv 70/30 Grey @ | 175 |
| 2/30 Pv70/30 Grey@ | 193 |
| 1/15 Polyester Grey@ | 139 |
| 2/20 Polyester Grey @ | 160 |
| 2/30 70/30 Melange@ | 205 |
| 2/30 100% Viscose@ | 230 |
| 2/40 100% viscose@ | 265 |

### Raghav Group

M. 94141-11402
Email: sheetal@raghavindia.com
Raghav Agency Trident Ltd.

| COUNT | RATE |
|---|---|
| **TRIDENT LIMITED** | |
| 1/10 OE | 162 |
| 1/14 OE | 171 |
| 1/16 OE | 175 |
| 1/20 OE | 201 |
| 30 KW | 265 |
| 30 CWC | 278 |
| 2/40 CW ELLY | 264 |
| 40 CW COMPACT | 325 |
| 50 CW COMPACT | 395 |
| **ANKUR UDYOG LIMITED** | |
| 1/30 POLY 100% | 155 |
| 1/20 POLY 100% | 145 |
| 1/15 POLY 100% | 140 |
| **SIDDHARTHA SUPER SPG MILLS** | |
| 2/15 P/V DYED OLIVE GREEN | 198 |
| 2/18 P/V BLACK | 175 |
| 2/30 P/V BLACK | 238 |
| **LNJ DENIM** | |
| 6 OE | 165 |
| 7 OE | 169 |
| 10 OE | 181 |
| 10 LYCRA | 256 |
| 10 SLUB LYCRA | 276 |

### HIND SYNTEX LTD.

PH. 247916, 94141-15916

| | |
|---|---|
| 2/15 Gray Blanded | 170+GST |
| 2/30 PV | 190+GST |
| 15S PV | 167+GST |
| 2/24 PV | 184+GST |
| 2/30 Polyester TFO | 164+GST |
| 2/20 Polyester TFO | 145+GST |

### JAGDAMBA SPINNING YARN PRICES

| | |
|---|---|
| **POLYESTER ULTIMA YARN** | |
| 40s poly | 165 |
| 15s poly | 135 |
| 30s poly | 145 |
| 40 poly @ | 158 |
| 30 poly @ | 142 |
| 24 poly @ | 136 |
| 20 poly @ | 132 |
| 15 poly @ | 127 |
| 12 poly @ | 124 |
| 10 poly @ | 122 |
| 8 poly @ | 119 |
| **PV YARN PRICES (70:30)** | |
| 2/30 pv @ | 180 |
| 2/20 pv @ | 170 |
| 2/15 pv @ | 165 |
| 40 pv @ | 179 |
| 30 pv @ | 163 |
| 24 pv @ | 157 |
| 20 pv @ | 153 |
| 18 pv @ | 151 |
| 15 pv @ | 148 |
| 10 pv @ | 143 |
| **MAGIC YARN** | |
| 2/47 PV Magic | 190 |
| 2/32 PVT | 156 |
| 2/32.PT. | 146 |
| 2/47 Poly Magic | 166 |
| 2/45 POLY MAGIC | 168 |

### Ratan Barjatiya Yarn Spinners P. Ltd.

PH. 94141 13144

| | |
|---|---|
| **Pv grey yarn** | |
| 2/60 pv | 260 |
| 2/40 pv | 206 |
| 2/30 pv | 188 |
| 2/30 pv | 186 |
| 20 pv | 162 |
| 15 pv | 156 |
| **Mill tfo pv** | |
| 2/40 | 210 |
| 2/30 | 194 |
| **Poly virgin** | |
| 2/40 | 188 |
| 2/30 | 164 |
| 2/20 | 153 |
| 15 | 136 |
| 10 | 132 |
| **Recyed yarn mill tfo Pv yarn.** | |
| 2/40 | 192 |
| 2/30 | 175 |
| **Poly mill tfo recycled** | |
| 2/40 | 170 |
| 2/30 | 145 |
| 15 | 113 |
| 2/45 poly magic | 165 |
| 2/40 pv eli weft use | 164 |
| 2/30 pv black 75/25 | 178 |

All yarn cd 1 rs kg
+12% gst
NO CLAIM IN FABRIC STAGE

### NB TEXTILE LLP ( MADE IN INDIA )

Bhavit Jain
+91 99289 13144
JNB YARN MUMBAI

| | |
|---|---|
| 2/60 pv - | 255 |
| 2/40 pv - | 203 |
| 2/30 pv - | 185 |
| 2/24 pv - | 183 |
| 2/20 pv - | 160 |
| 2/15 pv - | 153 |
| **Mill tfo pv** | |
| 2/40. | 205 |
| 2/30. | 192 |
| **Poly virgin** | |
| 2/40. | 186 |
| 2/30. | 161 |
| 2/20. | 151 |
| 15. | 133 |
| 10. | 130 |
| **Recyed yarn mill tfo Pv yarn.** | |
| 2/40. | 187 |
| 2/30. | 170 |
| **Poly mill tfo recycled** | |
| 2/40. | 167 |
| 2/30. | 142 |
| 15. | 112 |
| 2/45 poly magic | 165 |
| 2/40 pv eli weft use | 164 |
| 2/30 pv black 75/25. | 178 |

All yarn cd 1 rs kg **+12% gst**

समाचार पत्र प्राप्त करने के लिये सम्पर्क करें।
MOBILE 9468835188, 417, 4th FLOOR,
GOVINDAM COMMERCIAL COMPLEX
OLD RTO ROAD, BHILWARA-311001

# अच्छे मानसून ने बढ़ाई कॉटन की बुआई

**नई दिल्ली/ राजेश शर्मा**

देश में 12 जुलाई तक कॉटन की कुल बुआई लगभग 3 प्रतिशत अधिक हो चुकी है लेकिन उत्तरी भारत में कमी आई है, जबकि मध्य और दक्षिणी भारत में गत वर्ष की तुलना में अधिक हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष उत्तरी कहा जा रहा था कि इस वर्ष उत्तरी भारत में कॉटन की बुआई में भारी कमी आएगी। जानकारों का कहना है कि गत वर्ष उत्तरी भारत के कुछ क्षेत्रों में कॉटन की फसल पर पिंक बालवर्म के हमले के कारण किसानों की रूचि कॉटन में कम हो रही है। इसके अतिरिक्त गत वर्ष कॉटन के नीचे भाव के कारण भी किसानों को इसकी खेती में नुकसान उठाना पड़ा। जानकारों का कहना है कि कॉटन की खेती में लागत बढ़ रही है लेकिन गत वर्ष भाव ठीक नहीं मिले।

इस समय विश्व बाजार में भाव कम होने के कारण किसानों को डर है कि निर्यात कम हो सकता है तथा आयात बढ़ सकता है। यही कारण है कि उत्तरी भारत के किसानों ने बुआई कम की है। पंजाब में कॉटन का क्षेत्रफल गत वर्ष की तुलना में लगभग 53 प्रतिशत घटकर एक लाख हेक्टेयर रह गया है, जबकि हरियाणा में 28 प्रतिशत घटकर 4.76 लाख हेक्टेयर और राजस्थान में 33 प्रतिशत घटकर 4.75 लाख हेक्टेयर रह गया है। दूसरी ओर गुजरात में 22 प्रतिशत की कमी आई है, लेकिन मध्य और दक्षिणी भारत में बुआई में भारी वृद्धि हुई है। महाराष्ट्र में बुआई 15 प्रतिशत अधिक हो चुकी है जबकि मध्यप्रदेश में 9 प्रतिशत अधिक है। तेलंगाना में 29 प्रतिशत, उड़ीसा में 54 प्रतिशत अधिक हो चुकी है। कर्नाटक में रकबा 249 प्रतिशत बढ़कर 5.48 लाख हेक्टेयर तथा तमिलनाडु में वृद्धि 213 प्रतिशत हुआ है, जबकि अन्य राज्यों में 39 प्रतिशत की वृद्धि हो चुकी है। दक्षिणी और मध्य भारत में मानसून समय पर आने से क्षेत्रफल में वृद्धि हुई है।

# श्री अजय अजमेरा के जन्मदिन पर भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन

सूरत/ अजमेरा फैशन के संस्थापक और सीईओ श्री अजय अजमेरा के जन्मदिन के अवसर पर कल एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस नेक पहल में कंपनी के कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों ने बड़े उत्साह से भाग लिया। शिविर का आयोजन लोक समर्पण ब्लड बैंक के सहयोग से सुराणा 101 की 7वीं मंजिल पर सुबह 11 बजे से शुरू हुआ यह कार्यक्रम दिनभर चला। इस अवसर पर श्री अजमेरा ने कहा, 'एक व्यक्ति का रक्तदान तीन जिंदगियां बचा सकता है। मुझे खुशी है कि मेरे जन्मदिन को इतने सार्थक तरीके से मनाया जा रहा है।'









कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य समाज में रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना और जरूरतमंदों की मदद करना था। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान किया। चिकित्सकों की एक टीम मौजूद थी जो रक्तदाताओं की सेहत की जाँच कर रही थी और उन्हें आवश्यक परामर्श दे रही थी। इस तरह के सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन से अजमेरा फैशन ने एक बार फिर साबित किया है कि वे न केवल व्यापार में अग्रणी हैं बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति भी गंभीर हैं।

# चन्दनमल चम्पालाल एण्ड कम्पनी

**बैंगलूरू**

स्थानीय वस्त्र मण्डी में सन् 1909 से कार्यरत कम्पनी चन्दनमल चम्पालाल एण्ड कम्पनी अपनी व्यावहारिकता से आज ऊँचें पायदान पर है। कम्पनी के डायरेक्टर श्री घेवर नानेशा ने बताया कि कम्पनी सूटिंग-शर्टिंग में यूनिफॉर्म व रूबी मिल, नवसारी कॉटन मिल तथा अरविन्द व बर्गोमा के डीलर व डिस्ट्रीब्यूटर्स हैं। श्री नानेशा ने बताया कि कम्पनी में उनके युवा सुपुत्र व भतीजे श्री राकेश व श्री विजेश कार्य को देख रहे हैं। कम्पनी व्हाइट कपड़े में विशेषता रखती है तथा कम्पनी का कार्य कर्नाटक व आन्ध्रप्रदेश में मुख्यतयाः होता है।



श्री घेवर नानेशा



श्री विजेश नानेशा



श्री राकेश नानेशा

CHANDANMAL SINCE:1909
Champalal & Co.
DISTRIBUTORS FOR Wholesaler Suiting-Shirting
RUBY SINCE 1917
Arvind BERGAMO
Birla Century
Navsari
No. 25, D.S. Lane, Chickpet, Bangalore - 560 053
Tel.: 41243839, 22374874, T/Fax: 080-22873748,
Mob.: 9886190097, Email: cmclco@hotmail.com

## भूल ना जाना ०५०

RISHAB WORLD



# वीपी मेनन

(१८९३ - १९६५)

**ब्रिटिश राज** और **भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस** के मध्य ब्यूरोक्रेट **वी पी मेनन** ने प्रान्तीय सिविल सेवा सन् 1914 में जॉइन की और धीरे-धीरे संवैधानिक परामर्शदाता व राजनैतिक सुधार कमिशनर बन गये। उनके बाद ब्रिटिश शासन में तीन वायसराय लिन लिथगो, वावेल और माउण्टबेटन रहे ।

**मेनन** ने **बिना किसी राजनीति** के अपनी **सबल प्रशासनिक क्षमता** से भारत के विभाजन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की और **सरदार पटेल** और लॉर्ड **माउण्टबेटन** के मध्यस्थ रहे।

**वी पी मेनन** ने **सरदार पटेल** के बहुत निकट रह कर भारत के पॉलिटिकल इण्टीग्रेशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसके तहत 565 **रियासतों** का विलीनीकरण भारत में किया गया। इस दौरान सरकार और रियासतों के बीच सामंजस्य बिठाकर यह कार्य पूर्ण किया गया।

एक समय **मेनन** को राजनैतिक दिशा निर्देश के लिए कहा गया, ताकि संवैधानिक ढांचा तैयार किया जा सके ।
**मेनन** को ब्रिटिश राज में ईमानदारी और कार्य के प्रति गंभीरता के फलस्वरूप '**राय बहादुर**' की उपाधि से नवाजा गया किन्तु उन्होंने स्वीकार करने से मना कर दिया। उन्हें '**नाइट कमाण्डर स्टार ऑफ इण्डिया**' के सम्मान की भी पेशकश की किन्तु उन्होंने मना कर दिया और देश के आजाद होने के साथ ही **भारत सरकार** की नौकरी कर ली ।

**मेनन** को **सरदार पटेल** को **जूनागढ़** और **हैदराबाद** के खिलाफ मिलिट्री एक्शन में सहयोग करने, **नेहरू और पटेल** के **पाकिस्तान** और **कश्मीर** आदि मुद्दों पर व्यक्तिगत सलाहकार रहे।



100 % Premium Cotton & Linen Fabrics
HI FABRIQUE INC.®
HI-FABRIQUE H-F BANGALORE ®
Corporate Oce :
77, Jodh Towers, Lalbagh Road, Bengaluru - 560027, INDIA. Tel. No : +91 80 40500200
Email : info@hifabrique.com
Mumbai Oce :
30/32, Champa Galli Cross Lane, 1st Floor, No.5, O Kalbadevi Rd,Mumbai - 400002, INDIA.
+91 22 22426585 Email : infomumbai@hifabrique.com
www.hifabrique.com
Venerdi® ITALY

SHREE MANIRATAN TEXTILES SMT
Manufacturers of
ALL TYPES of
UNIFORM
Fabrics
UNIFORM FABRIC YOUR
BODY DESIRES







SCHOOL | COLLEGE | CORPORATE | HOSPITAL |
SPORTS | INDUSTRIAL | HOTEL | UNIFORMS FABRICS
SHREE MANIRATAN TEXTILES
Anmol Textile Market, Bldg No. B-2-B Gala No A2 & 231 To 234 2nd Floor
Anjurphata, Bhiwandi-421302, Mob.: +91 81699 54550, +91 9325376024
Email: shreemaniratantextiles1204@gmail.com

# बजट में टेक्सटाइल व गारमेंट उद्योग को राहत की आस

**नई दिल्ली/ राजेश शर्मा**

देश की अर्थव्यवस्था में टेक्सटाइल व गारमेंट उद्योग के महत्त्व और इनके निर्यात की व्यापक संभावनाओं को देखते हुए चालू मानसून सत्र में प्रस्तुत किए जाने वाले वित्त वर्ष 2024-25 के पूर्ण बजट में वित्त मंत्री सुश्री निर्मला सीतारमण इस सेक्टर को अनेक राहत देने की घोषणा कर सकती हैं। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों देश के टेक्सटाइल और गारमेंट उद्योग के एक प्रतिनिधिमंडल ने कपड़ा मंत्री श्री गिरीराज सिंह से मिलकर उनसे इस विषय में विस्तृत विचार-विमर्श किया। जानकारों के अनुसार निर्यातोन्मुखी और बड़ी संख्या में रोजगार प्रदान करने वाले इस उद्योग को एक पैकेज की घोषणा करके आगामी बजट में सरकार एक नेशनल टेक्सटाइल फंड की स्थापना का प्रस्ताव ला सकती है। इस फंड का उद्देश्य टेक्सटाइल सेक्टर की एमएसएमई यूनिटों को उनकी पूंजी की मांग को पूरा करने में सहायता करना जिससे टेक्सटाइल सेक्टर में आधुनिकीकरण के लिए निवेश बढ़ेगा। सरकार टेक्सटाइल उद्योग के आधुनिकीकरण के लिए एक नई टेक्नोलॉजी अपग्रेडेशन फंड की स्कीम भी इस बजट में ला सकती है।

जानकारों का कहना है कि इस योजना से देश के टेक्सटाइल उद्योग के नवीनीकरण में काफी सहायता मिली थी। आगामी बजट में लम्बे रेशे की कॉटन पर बेसिक कस्टम ड्यूटी को समाप्त भी कर सकती है ताकि उद्योग को आयातित कच्चा माल सस्ता मिल सकें। देश का उद्योग जगत इस प्रकार की मांग काफी समय से कर रहा है। जानकारों के अनुसार मैनमेड स्पन यार्न के बढ़ते आयात को रोकने के लिए सरकार बजट में इसके आयात पर बेसिक कस्टम ड्यूटी की दर को बढ़ा सकती है। इससे घरेलू उद्योग को लाभ होगा और उत्पादन में वृद्धि होगी। उल्लेखनीय है कि उद्योग काफी समय से कच्चे माल की तुलना में तैयार माल के आयात ड्यूटी को अधिक करने की मांग कर रहा है, ताकि कच्चे माल का आयात कम हो और घरेलू उद्योग को आयातित आइटमों से मुकाबला करने के समान अवसर मिल सकें। व्यापारियों का कहना है कि सरकार टेक्सटाइल उद्योग को रिन्यूएबल एनर्जी के उपयोग के लिए प्रोत्साहित कर कैपिटल सब्सिडी भी दे सकती है।

टेक्सटाइल व गारमेंट उद्योग का कहना है कि सन् 2030 तक गारमेंट निर्यात को 40 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने के महत्त्वाकांक्षी लक्ष्य को पाने के लिए सरकार इस उद्योग के लिए नई योजनाओं की घोषणा कर सकती है। जानकारों का कहना है कि देश में गारमेंट उद्योग को बढ़ावा देने और निर्यात में वृद्धि के लिए सरकार मैनमेड फाइबर फैब्रिक्स, मैनमेड फाइबर गारमेंट तथा ट्रिम्स और एम्बेलिशमेंट उद्योग के लिए नई प्रॉडक्शन लिंक्ड इंसेटिव (पीएलआई) स्कीम की घोषणा कर सकती है, जिससे कम निवेश वाले उद्योग भी इसका लाभ उठा सकें। गारमेंट उद्योग सरकार से काफी समय से इसकी मांग कर रहा है। उल्लेखनीय है कि सरकार द्वारा टेक्सटाइल उद्योग के लिए लागू पीएलआई स्कीम को सराहा गया है और उद्योगों ने इसका लाभ भी उठाया। टेक्सटाइल उद्योग को आशा है कि सरकार बजट में एटीयूएफ को भी लागू करने की घोषणा कर सकती है।

उल्लेखनीय है कि देश से सन् 2021-22 के दौरान टेक्सटाइल और गारमेंट का निर्यात 43.4 बिलियन डॉलर को छू गया था लेकिन इसके बाद इसमें कमी आई या स्थिर रहा है। हालांकि, इसके अंतरराष्ट्रीय कारण भी हो सकते हैं लेकिन सरकार के प्रोत्साहन से निर्यात में गति लाई जा सकती है।

### नेशनल टेक्सटाइल फंड की स्थापना

**राहत**- इसी बीच, चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही यानि अप्रैल-जून के दौरान निर्यात मोर्चे पर अच्छी और राहत भरी खबर है क्योंकि टेक्सटाइल और गारमेंट की निर्यात गति इसी अवधि की तुलना में 4.08 प्रतिशत बढ़ा है। आलोच्य अवधि में टेक्सटाइल और गारमेंट का निर्यात 8,785.37 मिलियन डॉलर का हुआ जबकि गत वर्ष इसी अवधि में यह 8,440.88 मिलियन डॉलर का था। कांफेडरेशन ऑफ इंडियन टेक्सटाइल इंडस्ट्री के चेयरमैन श्री राकेश मेहरा का कहना है कि निर्यात में यह वृद्धि अमेरिका से अधिक मांग के कारण आई है। देश से कुल टेक्सटाइल और गारमेंट निर्यात में से लगभग 27 प्रतिशत का निर्यात केवल अमेरिका को किया जाता है। श्री मेहरा का कहना है कि जहां भारत से अमेरिका को टेक्सटाइल और गारमेंट का निर्यात बढ़ रहा है वहीं हमारे प्रतिद्वंदी देश चीन, बांग्लादेश आदि से कम हुआ है। उनके अनुसार जनवरी-मई में भारत से अमेरिका को इस सेक्टर के निर्यात में 2.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि इसी अवधि में चीन से निर्यात 1.3 प्रतिशत और बांग्लादेश से 11.9 प्रतिशत कम हुआ। आगामी बजट में टेक्सटाइल उद्योग के अनुकूल और निर्यात को प्रोत्साहन देने की घोषणा कर सकती है। इससे न केवल अल्पावधि अपितु दीर्घावधि निर्यात में भी वृद्धि होगी।

**भुगतान नियम** - जानकारों का कहना है कि सरकार आगामी बजट में एमएसएमई में आयात की धारा 43 (एच) में संशोधन कर सकती है। उल्लेखनीय है कि एमएसएमई के लिए 45 दिन में भुगतान की अनिवार्यता से देश का एमएसएमई और विशेषकर टेक्सटाइल उद्योग-व्यापार बुरी तरह प्रभावित हुआ है। चालू वित्त वर्ष से लागू हुए इस कानून का देश के व्यापार-उद्योग द्वारा व्यापक विरोध करने के साथ-साथ सरकार से इसे वापस लेने का अनुरोध किया। वित्त मंत्री ने इस बारे में उद्योग-व्यापार के प्रतिनिधियों से बातचीत कर इस कानून को संसद द्वारा ही संशोधन किया जा सकता है। अतः आशा है कि वित्त विधेयक में वित्त मंत्री व्यापारियों की परेशानी का समाधान कर देंगी।

# मौसमी असर के बावजूद नाइटी की डिमाण्ड

**बालोतरा/ लालचंद पुनीत**

मौसम की ऊष्मा और आर्द्रता ने उत्पादन क्षत-विक्षत करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। फिलहाल बाजार की स्थिति ग्राहकी के कारण सोचनीय बनी हुई है। जिसकी मांग है उसका उत्पादन कम होने से चालानी कमजोर बनी हुई है। नाईटी में रजवाड़ी क्वालिटी के चलन का प्रचलन धीरे-धीरे कम होता जा रहा है और प्रोसेस प्रिण्ट नाईटी की मांग में पुनः सुधार नजर आ रहा है। रेयॉन प्रिण्ट और प्लेन की डिमाण्ड के मुकाबले तैयार माल की कमी है। पेटीकोट की कुछ वैरायटीज की लेवाली अच्छी बनी हुई है। कारीगरों की कमी से मशीनों की संख्या पर्याप्त होने के उपरान्त भी माल तैयार होने में विलम्ब हो रहा है। पोपलीन की चालानी सीजन के हिसाब से संतोषप्रद है, किन्तु ग्राहकी का दायरा सिमटकर विशेष प्रतिष्ठानों तक सीमित हो गया है।

बरसाती ऋतु में 60-70 प्रतिशत का औसत बैठता है तो इसमें पर्याप्त संतुष्टि का एहसास होता है। सामान्यतः प्रतिष्ठानों के पास माल तो है पर उठाव का इन्तजार है ऐसे में प्रतिष्ठान आत्मविश्वास के साथ बैठे है कि अगस्त के दूसरे सप्ताह के बाद ग्राहकी का दौर अच्छा चलेगा।

श्रमिकों की कमी के कारण उद्यमियों को कई परेशानियों से रूबरू होना पड़ रहा है। बरसात का दौर शुरू होते ही स्थानीय श्रमिक अपने घरों को कूच कर जाते हैं, जिससे रंगाई, छपाई, धुपाई आदि अनेक औद्योगिक प्रक्रियाओं पर असर पड़ता है। पैकिंग और माल ढुलाई के लिए भी दिक्कतें आए बिना नहीं रहती। तेज बरसात व आँधी के कारण प्रायः सभी प्रतिष्ठानों को नुकसान झेलने की नियती बनी हुई है। रूबिया अस्तर, पॉकेटिंग का क्रेज भी इन दिनों फीका है। फिलहाल उद्यमी आयकर रिटर्न की तैयारी कर रहे हैं और चाहते हैं कि अन्तिम तारीख बढ़ जाए तो राहत मिलेगी। वैसे विभाग तारीख जब भी बढ़ाता है तो अन्तिम समय में ही बढ़ाता है। उद्यमी सेवा कार्यों व धार्मिक अनुष्ठानों में पूरी निष्ठा के साथ कार्य करें। वृक्षारोपण के कार्यक्रमों को प्रशासन के साथ-साथ विभिन्न संस्थाएं पूरी निष्ठा, उत्साह और प्रेरक कार्य में लगी हुई है।

Postal Registration No BHILWARA/208/2024-2026 RNI Registration No. 71772/98










# त्योहारी सीजन की मांग से पलट सकती है गारमेंट की दशा एवं दिशा

**मुंबई/ रमाशंकर पाण्डेय**

गारमेंट का कारोबार पूरी तरह से चरमराया हुआ है। मानसून के कारण गारमेंट के सभी सेगमेंट में चौतरफा मंदी है वहीं रिटेल में सेल है। रेडीमेड कपड़ों और परिधानों में कारोबार कम हो गया है तो निर्यात में कारोबार सन् 2023-24 में 14.53 अरब डॉलर रहा। न तो स्थानीय मांग बहुत अच्छी है और न ही विदेशी बाजारों में कारोबार अच्छा कहा जा सकता है। गारमेंट इकाइयां धीमी गति से काम कर रही है। रिटेल में हमेशा बिकते शर्ट, ट्राउजर्स एवं जींस में कारोबार घट गया है। लेडीज आइटमों की मांग कम हुई है। अब ऑर्डर के अनुसार माल की सप्लाई की जा रही है। गारमेंट के सभी सेगमेंट में त्योहारी सीजन से मांग सुधरने की उम्मीद है। गारमेंटरों की कपड़ों की मांग निकलने पर ही बाजार में गारमेंट की मांग बढ़ सकती है। अभी बजट और नेशनल गारमेंट फेयर पर कारोबारियों की नजर है। सरकार यदि पीएलआई योजना में फेरबदल करती है और कॉटन गारमेंट को भी शामिल किया जाता है, तो यह गारमेंट क्षेत्र के लिए संजीवनी का कार्य कर सकता है। किड्स वियर में कॉटन कपड़ों का इस्तेमाल अधिक होता है। मुंबई में बच्चों के गारमेंट पर पहले जोर था, अब पिछड़ रहे हैं। कोलकाता और बैंगलोर चिल्ड्रन वियर में अपनी पकड़ मजबूत की है। जेंट्स, लेडीज और चिल्ड्रन वियर में ग्राहकी नहीं है। रिटेलर्स को अनसोल्ड स्टॉक सता रहा है, क्योंकि अब त्योहारी सीजन की ग्राहकी सामने है। कमजोर कामकाज और बढ़े स्टॉक पर व्यापारियों का कहना है कि वैवाहिक सीजन के दौरान जैसा कारोबार होना चाहिए था, वैसा कारोबार इस बार नहीं हो सका। साथ ही समर सीजन में कामकाज कम होने के कारण रिटेलर्स के पास गारमेंट का स्टॉक ज्यादा हो गया था लेकिन ऑफसीजन में सेल शुरू होने के बाद इसमें गिरावट आ रही है। इस बार समर सीजन के दौरान कॉटन फैब्रिक्स और होजियरी आइटमों की मांग कम रही है, जबकि चिल्ड्रन वियर में ग्राहकों की पहली पसंद कॉटन आधारित फैब्रिक्स से बने गारमेंट अथवा होजियरी गारमेंट होते है। मौजूदा दौर में गारमेंट इकाइयों और गारमेंटरों को कपड़ा सप्लायर्स को आगे की त्योहारी और विंटर सीजन से उम्मीदें बढ़ी हुई लग रही है। गारमेंट इकाइयों में फिलहाल कामकाज धीमा है, तथापि रेडीमेड कपड़ा व्यापारियों को अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। मानसून सेल से स्टॉक खत्म होने का भरोसा है। कपड़ा सप्लायरों ने बाजार के ट्रेंड, नये फैशन और डिजाइन को तरजीह देकर आगे की गतिविधियों के लिए कमर कस चुके हैं, लेकिन चिंता इस बात की है कि रूई के भाव बढ़ने शुरू हो गए है। रूई का क्लोजिंग स्टॉक पिछले साल की तुलना में कम रहने का अनुमान है। यदि भाव अधिक बढ़े तो कपड़ों के भाव बढ़ने का जोखिम रहेगा।

JAIKUMAR BATHIJA
9320046104
9820256104
(Since 1984)
ROHIT BATHIJA
9820046104
9702046104
A Trusted Name In Textiles
Bathija®
FABRICS
ISO 9001:2015 CO./ISO 14001:2015 (India)
JAIKUMAR ARJANDAS
Mfg. & Exports of: All Types of Uniforms, Plain, Toabh Fabrics
Sales Off.: Shop No. 12, 13, 15, Ground Floor, Kakad Market 306, Kalbadevi Road, Mumbai - 02, Tel: 022-2240026104/ 22016987 / 9819323009
Website: www.bathijafabrics.com |Email: bathijafabrics@yahoo.com
Corp.: H. No. 1058, Gala No. 201 to 206, 2nd Floor, Bldg. No. 1, Nav Durga Compound, Val. Village, Opp. Radha Krishna Hotel, Bhiwandi- 421302
Email: jaikumar@bathijafabrics.com | rohit@bathijafabrics.com







स्वत्वाधिकारी एसएसएस मीडिया पब्लिकेशन्स (प्रा.) लि. की तरफ से मुद्रक एवं प्रकाशक योगेन्द्र शर्मा के लिए वी.के. प्रिण्टर्स, बी-36-ए, सुदर्शन पुरा, इण्डस्ट्रियल एरिया, 22 गोदाम, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित एवं सी-127, आर.के. कॉलोनी, भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। **संपादक-योगेन्द्र शर्मा।**




22 जुलाई से 6 अगस्त, 2024
SINCE 1998
टेक्सटाइल वर्ल्ड Corporate

# MiSTAiR Announces Aditya Roy Kapur as Its Brand Ambassador

## Youth Icon and Celebrated Actor to Elevate Men's Fashion with Mistair's Premium Suiting and Shirting Fabrics

MiSTAiR
A Siyaram's Initiative





**Mumbai/** Mistair, the epitome of timeless elegance and fashion innovation, proudly announces Aditya Roy Kapur as its new brand ambassador, signaling a new era of sophistication in men's fashion. Mistair has garnered a renowned reputation for its exquisite and edgy range of premium suiting and shirting fabrics that celebrate timeless elegance with a touch of modern flair. With specialty weaves, finishes, and textures, Mistair's collections are designed to turn heads, whether for a formal business suit, a pertinent corporate meeting, or an opulent dinner party.

Mr. Ramesh Poddar, Chairman and Managing Director of Siyaram's, expresses his excitement about the partnership: "We are delighted to have signed Aditya Roy Kapur as the brand ambassador for Mistair. Over the years, Mistair has established its popularity across demographics, just like Aditya himself. He embodies a sense of style and youthful energy that perfectly aligns with the Mistair brand identity. With our commitment to high fashion, quality and accessibility, we're excited for Mistair's fashionable journey ahead with Aditya Roy Kapur."

Echoing the excitement, Aditya Roy Kapur says, "I am delighted to be collaborating with Mistair. Their collection resonates deeply with my personal style, offering designs that exude sophistication with a touch of modern flair. What impresses me most is how Mistair combines classic elegance with modern trends, making it perfect for the contemporary man who values both tradition and innovation."

With this powerful partnership, Mistair and Aditya Roy Kapur aim to inspire men across the nation to embrace sophisticated style and elevate their fashion game. As the new face of Mistair, Aditya's charismatic persona and impeccable fashion sense are set to captivate audiences, further solidifying Mistair's position as a trailblazer in the industry and personifying the brand promise of delivering the "finest in fashion".



INDIA'S BIGGEST

Women's Ethnic Wear Expo

IEE INTERNATIONAL ETHNIC EXPO

AUG 23 24 2024

@

Knowledge Park II, Greater Noida,

DELHI

SAREE - LEHENGA - SALWAR SUIT - READY MADE - FABRIC

— ORGANIZED BY —

Surat Dreams®

KOLKATA FASHION EXPO2024

### टेक्सटाइल उद्योग के उज्ज्वल भविष्य के लिए मस्कती क्लॉथ मार्केट महाजन की अनोखी पहल

# कपड़ा बाजार में धोखाधड़ी रोकने के लिए बदले भुगतान नियम

## जागरूकता के लिए मस्कती क्लॉथ मार्केट महाजन ने निकाली महारैली





**अहमदाबाद/** अहमदाबाद की टेक्सटाइल इंडस्ट्री में पिछले कुछ समय से धोखाधड़ी के मामले बढ़ रहे हैं। इसे देखते हुए कपड़ा बाजार की सबसे बड़ी एसोसिएशन 'मस्कती क्लॉथ मार्केट महाजन' नए भुगतान नियम लेकर आई है। इन नियमों के बारे में व्यापारियों के बीच जानकारी और जागरूकता पैदा करने के लिए 18 जुलाई को एक रैली का आयोजन किया गया, जिसमें मस्कती क्लॉथ मार्केट महाजन की अगुवाई में 25 से अधिक कपड़ा एसोसिएशंस ने रैली का समर्थन किया। न्यू क्लॉथ मार्केट, गुजरात गारमेंट एसोसिएशन, वीआईपी मार्केट, बीबीसी मार्केट, सिटी सेंटर आदि बाजारों के कई व्यापारी शामिल हुए। मस्कती क्लॉथ मार्केट महाजन के अध्यक्ष श्री गौरांग भगत ने कहा कि अनुमान के मुताबिक 2,000-2,500 करोड़ रूपये के भुगतान संबंधी धोखाधड़ी के मामले सामने आये हैं।

**लेट पेमेंट करने वाले ग्राहकों को 'अलर्ट रहें' सूची में रखा जाएगा**

ऐसे में टेक्सटाइल व्यवसायियों को धोखाधड़ी से बचाने के लिए मस्कती क्लॉथ मार्केट महाजन द्वारा नए नियम बनाए गए हैं, जिसमें खरीददारी के 100 दिन में भुगतान करना होगा और देरी होने पर 15 प्रतिशत ब्याज लगेगा। जिन व्यापारियों का भुगतान 150 दिनों से अधिक देर से हुआ है और जिनके चेक बाउंस हो गए हैं, उन्हें 'बी अलर्ट' सूची में रखा जाएगा और भविष्य में उनसे कोई भी व्यापारी कैश में भी काम नहीं करेगा। यदि उसे पुनः काम शुरू करना है तो आमने-सामने मुलाकात के लिए आना होगा और उसे एक संदर्भ देना होगा।

कोई ग्राहक या एजेंसी यदि नया काम शुरू करती है तो उसे नए व पुराने ग्राहकों और एजेंसियों को अनिवार्य रूप से केवाईसी और आधार तथा पैन कार्ड की कॉपी से गुजरना होगा। 'बी अलर्ट' सूची में रखे गए ग्राहकों और एजेंसियों के नाम व्यापारी समूहों में प्रसारित किए जाएंगे, ताकि व्यापारी उनके साथ कारोबार करते समय सतर्क रहें।



**अहमदाबाद की तरह सूरत में भी बनेंगे नियम**

श्री गौरांग भगत ने बताया कि, 'कपड़ा व्यापारियों के 23 व्यापार संगठनों ने भुगतान के लिए नए नियम बनाए हैं और उन्हें तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया है। अहमदाबाद के अलावा हमने सूरत कपड़ा एसोसिएशंस से बात की है जो हमारी तरह नए नियम बनाने को लेकर तैयार हैं।'

# INFINITO ब्राण्ड की रिटेल कॉन्फ्रेंस गोवा में

**मुंबई/** टीआर एवं एथनिक में प्रतिष्ठित ब्राण्ड इंफिनिटो द्वारा आगामी सीजन को ध्यान में रखते हुए भव्य रिटेल कॉन्फ्रेंस 12 से 16 अगस्त, 2024 को गोवा के पाँच सितारा होटल रमाड़ा नोर्थ गोवा में करने जा रही है। जहां ऑल इंडिया से लगभग 200 रिटेलर्स के पहुंचने की उम्मीद है। कंपनी के मार्केटिंग प्रेसीडेंट श्री संजय जायसवाल ने बताया कि हम हमेशा कुछ नया करने की चाह के साथ निरन्तर आगे बढ़ते जा रहे है। यह ब्राण्ड आज भारत की तमाम मण्डियों में अपने पाँव पसार चुका है। इस पाँच दिवसीय कॉन्फ्रेंस के दौरान हमारे द्वारा टीआर, एथनिक, शेरवानी, सूट, ट्वीड की रेंज का भव्य डिस्प्ले किया जाएगा जो आगामी सीजन के लिए बहुत खास उत्पादों की शृंखला होगी। श्री जायसवाल ने बताया कि कंपनी अपनी आक्रामक रणनीति के चलते महज थोड़े से समय में ही रिटेल कॉन्फ्रेंस कर रही है। इस कॉन्फ्रेंस में कंपनी द्वारा क्रूज नाइट का कार्यक्रम भी रखा गया है। जहां व्यापारियों को एक रात के लिए क्रूज पर नाइट पार्टी करने का अवसर मिलेगा जो आकर्षण का केन्द्र होगी। इस शानदार कॉन्फ्रेंस की घोषणा के बाद कंपनी के साथ अधिक से अधिक रिटेलर्स निरन्तर जुड़ रहे हैं।

## 12 से 16 अगस्त को होगा भव्य डिस्प्ले




# एचजीएच इंडिया का 15वां एडिशन : शानदार बिजनेस की शुरूआत

## 2500 होम प्रॉडक्ट्स, इनोवेशन, ट्रेंड्स 2024-25

## होम इंप्रूवमेंट सॉल्यूशंस व नये बिजनेस आइडियाज़

**मुंबई/** होम टेक्सटाइल, होम डेकोर, होम फर्नीचर, हाउसवेयर और गिफ्ट्स के लिए भारत में हर 2 साल पर आयोजित होने वाले सबसे बड़े ट्रेड शो, एचजीएच इंडिया के 15वें एडिशन की शुरुआत हुई। श्रीमती रूप राशि, आईए एंड एएस, टेक्सटाइल कमिश्नर, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार ने इसका उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले स्पेशल गेस्ट में आईडी केतन शेठ, चेयरमैन, आईआईआईडी, मुंबई; आर्किटेक्ट गौरीश चंदावरकर, डायरेक्टर, आईईएस कॉलेज ऑफ आर्किटेक्चर तथा आर्किटेक्ट चन्द्रशेखर कानेटकर, चीफ आर्किटेक्ट, चन्द्रशेखर डिज़ाइन इंक शामिल थे। बॉम्बे एग्जिबिशन सेंटर, मुंबई में चार दिनों तक चलने वाले इस ट्रेड शो का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य एक बार फिर से घरेलू बाजार पर ध्यान देना है। एग्जिबिशन सेंटर के 4 हॉल में 50,000 वर्ग-मीटर के दायरे में इस एडिशन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें देश-विदेश के लगभग 700 ब्रांड्स के साथ-साथ 32 देशों के मैन्युफेक्चरर्स अपने-अपने प्रॉडक्ट्स एवं इनोवेशन का प्रदर्शन करेंगे।

इस खास मौके पर, एचजीएच इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री अरुण रूंगटा ने कहा, 'पिछले कुछ सालों में एचजीएच इंडिया सही मायने में इंडस्ट्री की प्रगति, ट्रेड के विकास, डिजाइन और इनोवेशन को बढ़ावा देने वाला प्लेटफॉर्म बन गया है। इस बार देशभर के 600 से ज्यादा शहरों एवं कस्बों से होने वाले प्री-रजिस्ट्रेशन की संख्या लगभग 40,000 है, जो इस बात का संकेत है कि पिछले साल जुलाई में 41,240 विजिटर्स की तुलना में इस साल विजिटर्स की कुल संख्या अधिक होने की संभावना है। इससे यह बात साफ तौर पर जाहिर होती है कि व्यापार जगत ने एक बार फिर से एचजीएच इंडिया में विजिट करने में जबरदस्त दिलचस्पी दिखाई है, ताकि वे लगातार विकसित हो रहे भारतीय बाजार में कारोबार के नए-नए अवसरों का पता लगा सकें और मुकाबले में दूसरों से आगे रह सकें। मुझे पूरा यकीन है कि, एचजीएच इंडिया के इस एडिशन में आपको बड़े पैमाने पर नई एनर्जी देखने को मिलेगी।'

चर्चा को जारी रखते हुए, कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती रूप राशि ने कहा, 'एचजीएच इंडिया में शामिल होना मेरे लिए बेहद खुशी और सम्मान की बात है, क्योंकि यह एक ऐसा शो है जो इंडस्ट्री को आगे बढ़ा रहा है और घरेलू बाजार पर विशेष ध्यान दे रहा है। दुनिया में हाथों से बनाया जाने वाला 95ज फैब्रिक भारत में तैयार होता है। कपड़ा मंत्रालय देश और दुनिया के लिए सबसे अच्छी क्वालिटी वाले प्रॉडक्ट्स बनाने पर ध्यान दे रहा है। हम रोज़गार के मौके बढ़ाना चाहते हैं। फिलहाल हम प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 5.4 करोड़ लोगों को रोज़गार देते हैं। हम एचजीएच इंडिया जैसे प्लेटफॉर्म को हमेशा प्रोत्साहित करेंगे, क्योंकि यह भारत पर खास ध्यान देते हुए होम टेक्सटाइल इंडस्ट्री को एकजुट कर रहे हैं।'

एचजीएच इंडिया में आने वाले चार दिनों में बड़े-बड़े ब्रांड्स तथा मैन्युफेक्चरर्स की ओर से होम रिटेलर्स, आर्किटेक्ट्स, इंटीरियर डिज़ाइनर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स और इंस्टीट्यूशन बायर्स के लिए 2500 इनोवेटिव प्रॉडक्ट्स को लॉन्च किया जाएगा। एचजीएच इंडिया के अलग-अलग पहलुओं की बात की जाए तो आईआईआईडी पार्टनरशिप, एच-सर्किल अवॉर्ड्स, ट्रेंड्स 24/25 और इंडियन हेरिटेज पवेलियन के अलावा अगले चार दिनों में हैंडीक्राफ्ट तथा हैंडलूम सेक्टर में 120 से ज्यादा एक्जीबिटर्स भारत की समृद्ध विरासत और कला का प्रदर्शन करेंगे, जिसमें सरकार का भरपूर सहयोग मिलेगा।

एचजीएच इंडिया बीतें 10 सालों से भी अधिक समय से होम इंप्रूवमेंट सेक्टर के साथ काम कर रहा है। यह इकलौता ऐसा ट्रेड शो है जिसे देश और दुनिया के होम प्रॉडक्ट ब्रांड्स तथा मैन्युफेक्चरर्स को भारत के डॉमेस्टिक मार्केट से जोड़ने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह शो होम टेक्सटाइल्स, होम डेकोर, होम फर्नीचर और हाउसवेयर को एक ही छत के नीचे एकजुट करता है ताकि रिटेलर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स, इम्पोर्टर्स, आर्किटेक्ट्स, इंटीरियर डिजाइनर्स तथा इंस्टीट्यूशन बायर्स को बड़े पैमाने पर सोर्सिंग सॉल्यूशन उपलब्ध कराया जा सके, साथ ही आने वाले समय के डिजाइन ट्रेंड्स पर ध्यान केंद्रित किया जा सके।

जर्मनी, हांगकांग, मलेशिया, रूस और यूक्रेन के नए एक्जीबिटर्स अपने होम फर्नीचर, वॉलपेपर, होम डेकोर, हाउसवेयर और इंटीरियर प्रॉडक्ट्स की रेंज का प्रदर्शन कर रहे हैं।

अकेले भारत से ही 120 नए एक्जीबिटर्स पहली बार फर्निशिंग फैब्रिक्स, बेड एवं बाथ, मेड-अप्स, डेकोरेटिव एसेसरीज, होम फर्नीचर, हैंडीक्राफ्ट्स, कुकवेयर, हाउसवेयर, गिफ्ट्स और इसी तरह की बहुत-सी चीजों की अपनी रेज पेश कर रहे हैं।

## इनोवेशन का उत्सव : एच - सर्कल अवॉर्ड्स 2024 के विजेताओं की घोषणा



**मुंबई /** एचजीएच इंडिया ने होम प्रॉडक्ट्स के डिजाइन, मटीरियल्स तथा फंक्शनलिटी में इनोवेशन को सपोर्ट करने के लिए एच - सर्कल अवॉर्ड्स की शुरुआत की थी और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीरियर डिज़ाइनर्स (आईआईआईडी) के साथ मिलकर यह अवॉर्ड दिया जाता है। इस तरह के इनोवेटिव प्रॉडक्ट्स के लिए मार्केटिंग और बाजार में पैठ को सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से इस पहल की शुरुआत की गई है। इस साल अलग-अलग प्रॉडक्ट कैटेगरी में 66 नॉमिनेशन : यानी होम टेक्सटाइल में 12, होम डेकोर में 17, गिफ्ट प्रॉडक्ट्स में 4, हाउसवेयर में 27 और होम फ़र्नीचर में 6 नॉमिनेशन प्राप्त हुए। जाने-माने इंटीरियर एवं प्रॉडक्ट डिजाइनर्स, आर्किटेक्ट्स और रिटेलर्स की 5 सदस्यों वाली ज्यूरी ने डिजाइन में इनोवेशन, एस्थेटिक्स, ड्युरेबिलिटी तथा इकोलॉजी सहित 10 अलग-अलग क्राइटेरिया के आधार पर इन प्रॉडक्ट्स को अपनी कसौटी पर परखा।

नॉमिनेट किए गए सभी प्रॉडक्ट्स और उनसे संबंधित विशेष जानकारी को हॉल नंबर 1 में प्रदर्शित किया गया। मंगलवार, 2 जुलाई को एच -सर्कल अवॉर्ड्स समारोह में ट्रेड एवं इंडस्ट्री लीडर्स तथा क्रिएटिव बिरादरी की मौजूदगी में विजेताओं के नाम की घोषणा की गई।

## अभिनेत्री काजल अग्रवाल और सेलिब्रिटी शेफ विक्की रतनानी ने एचजीएच इंडिया 2024, मुंबई में की अपने ब्राण्ड लाइसेंसिंग कार्यक्रम की शुरुआत





**मुंबई /** प्रसिद्ध अभिनेत्री काजल अग्रवाल, जो सिनेमा में अपने शानदार करियर के लिए व्यापक रूप से सराही जाती है और सेलिब्रिटी शेफ विक्की रतनानी ने एचजीएच इंडिया में अपने ब्रांड लाइसेंसिंग कार्यक्रमों की शुरूआत की।

स्वैग, जो कि भारत की प्रमुख सेलिब्रिटी नेतृत्व वाले ब्रांडों में से कुछ को बनाने और स्थापित करने के लिए प्रसिद्ध ब्रांड लाइसेंसिंग कंपनी के साथ साझेदारी करते हुए काजल अग्रवाल अपनी दूरदर्शी गृह सज्जा विचारों को अपने ब्रांड कटीका के तहत जीवंत बनाने का लक्ष्य रखती हैं। उनका ब्रांड लाइसेंसिंग कार्यक्रम पारंपरिक कला को आधुनिक डिज़ाइन के साथ सहजता से एकीकृत करने का वादा करता है। वह ऐसे प्रीमियम होम लाइफस्टाइल उत्पाद विकसित करना चाहती हैं जो धरोहर प्रेमियों और आधुनिक गृहस्वामियों के साथ प्रतिध्वनित होते हैं।

उन्होंने कहा, ''मेरे जीवन के इस चरण में, होम लाइफस्टाइल श्रेणियों पर ध्यान केंद्रित करना स्वाभाविक है। मैं उस माहौल और डिज़ाइन सौंदर्यशास्त्र के प्रति गहराई से जुनूनी हूं जो हमारे घरों को आकार देते हैं। मैं अपनी गृह सज्जा विचारों को अपने ब्रांड के माध्यम से साकार करने के लिए तत्पर हूँ और संभावित सहयोग का पता लगाने के लिए एचजीएच इंडिया में उद्योगपतियों से मिलने और उनसे जुड़ने के लिए उत्साहित हूँ।''

एचजीएच इंडिया ने स्वैग के साथ रणनीतिक सहयोग के माध्यम से शेफ विक्की की किचनवेयर में परिवर्तनकारी यात्रा की शुरुआत को भी सक्षम किया। यह पहल शेफ विक्की की किचनवेयर क्षेत्र में महत्वाकांक्षी प्रवेश को चिह्नित करती है। शेफ विक्की रतनानी ने कहा, 'मैं अपने वैश्विक अनुभवों को उन उत्पादों में बदलना चाहता था जो भारतीय घरों के साथ तालमेल बिठाते हुए एक स्टाइलिश, अंतरराष्ट्रीय सौंदर्यशास्त्र प्रदान करते हो।' उनका ब्रांड लाइसेंसिंग प्रोग्राम किचनवेयर को फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार है, जिसमें पाक कला आवश्यकताओं की गहरी समझ का लाभ उठाकर देशभर के खाना पकाने के शौकीन लोगों को प्रेरित किया जाएगा।

# ब्लेंडेड शर्टिंग फैब्रिक में नित नये डवलपमेंट को तैयार

## Sevendays Fashion Trends Pvt. Ltd.

**मुंबई/ आर बी सिंह**

शर्टिंग व्यवसाय के अंतर्गत हमेशा नित नये डवलपमेण्ट करते हुए कम्पनी द्वारा आगामी सीजन के लिए स्ट्राइप, चैक्स , स्ट्रक्चर, डोबीज, प्लेन सहित गीजा कॉटन आदि के होलसेलर व्यापारी तथा मैन्युफेक्चरर श्री केतन पटेल आज ब्लेंडेड फैब्रिक्स की दुनिया में एक प्रतिष्ठित लीडर के रूप में अग्रणी बन चुके हैं। Sevendays Fashion के डायरेक्टर श्री पटेल ने भरपूर मेहनत, लगन और निष्ठा के साथ-साथ काम करना तथा सहयोगी कर्मचारी जनों के कंधों से कंधा मिलाकर यह मुकाम हासिल किया, जो आगामी कुछ महीनों के भीतर ही अपने कारोबार को और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए तत्पर है।

sevendays FASHION

SEVENDAYS FASHION TRENDS PVT. LTD.

विदित रहें कि श्री पटेल वर्षों से मुंबई, गुजरात व दिल्ली सहित आदि में लगने वाले फैब्रिक के एक्जिबिशनों में अपने कारोबार को रफ्तार देने के अभिप्राय से स्टॉल की बुकिंग कराकर उन सभी एक्जिबिशनों में शिरकत करते रहते हैं, जिस कारण ग्राहकजनों को कपड़ा बाजार में आनेवाली ताजातरीन और नयीं-नयीं वैरायटियां देखने को भी मिलती जिसका व्यापारी समयानुसार ऑर्डर भी देते रहते हैं। जिन सबके वजह से इनके कारोबार में रफ्तार के पंख लगते रहते हैं।

बता दें कि विगत दो माह पहले ही मई माह में स्नइ (फैब्रिक सप्लायर एसोशिएशन) द्वारा प्रायोजित एक्जिबिशन शो जो मुंबई के एअरपोर्ट से नजदीक सांताक्रुज स्थित ताज होटल में भव्य एक्जीबिशन समारोह का आयोजन हुआ था उसमें कंपनी द्वारा शानदार डिस्प्ले किया गया, जो विजिटर्स को बहुत पसंद आया। इस दौरान कंपनी को बहुत अच्छी बुकिंग भी मिली।

**पूरे भारत में मजबूत पकड़**

श्री पटेल ने बताया कि आज हमारे द्वारा शर्टिंग फैब्रिक का बड़े पैमाने पर कार्य किया जाता है। क्वालिटी उत्पाद देना हमारा मूल उद्देश्य बना हुआ है। आज हमारा टीम कड़ी मेहनत करते हुए सम्पूर्ण भारत की मण्डियों में अपने उत्पादों को पहुँचा रही है और भारत की तमाम मण्डियों मे सेल्स नेटवर्क बनाए हुए है।




## सिन्थेटिक्स फाइबर की मांग से कॉटन यार्न स्थिर

मुंबई/ रमाशंकर पाण्डेय

यार्न मार्केट में कामकाज धीमा है। उत्पादन गतिविधियां कमजोर रहने के कारण वीवर्स की मांग कम हो गई है। एक तो कपड़ों में उठाव अच्छा नहीं है, वहीं दूसरी ओर यार्न के भाव में स्थिरता नही होने तथा यार्न के भाव में बार-बार हो रहे घटत-बढ़त के कारण वीवर्स खरीदी करने में सतर्क हो गए है। यार्न जिस भाव में खरीदा जा रहा है, उसकी तुलना में कपडों का भाव कम मिलने से भी यार्न में कारोबार घटा है। गनीमत सिर्फ इतना ही है कि कॉटन यार्न हो या सिंथेटिक यार्न भाव में घटत-बढ़त अधिक नहीं है। कभी एक से दो रू बढ़ रहा है, तो फिर उसी तरह से घट जाता है। हाजिर मार्केट में यार्न की मांग बढ़ने के बदले सीमित हो गई है। स्पिनिंग मिलों में यार्न का उत्पादन क्षमता के अनुसार जारी है। साउथ से लेकर मध्य एवं उत्तर भारत की स्पिनिंग मिलों में कॉटन यार्न के उत्पादन में कोई गिरावट नहीं आई है। इसलिए बाजार में यार्न की आपूर्ति की कोई बाधा नहीं है। लेकिन महंगी होती रूई से स्पिनिंग मिलों के कान खड़े होने लगे हैं। कपड़ों का उत्पादन कम होने से अभी यार्न का उठाव कमजोर है और ऊपर से रूई के भाव बढ़ने शुरू हो गए हैं। इसका असर कॉटन यार्न की मांग पर दिखाई दे रहा है। रूई के भाव अचानक बढ़ जाने से स्पिनिंग मिलों को यार्न की लागत को एक निश्चित सीमा में बनाए रखने में आगे चलकर कठिनाई हो सकती है और यार्न की मांग में उछाल आते ही भाव बढ़ने की संभावना है। कच्चा माल महंगा होने पर स्पिनिंग इकाइयों में कॉटन यार्न का उत्पादन क्षमता से करना मुश्किल हो सकता है। स्पिनिंग मिलों में महंगी रूई की जगह सस्ता सिंथेटिक फाइबर के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा, जो कॉटन कपड़ों के लिए ठीक नहीं है।




# यश कॉटन कॉर्पोरेशन की फैशन मलेशिया रिटेल कॉन्फ्रेंस सम्पन्न






## नये कलेक्शन को मिला भरपूर रिस्पॉन्स

**मुम्बई/** भारत की अग्रणी टेक्सटाइल और फैशन कंपनियों में से एक यश कॉटन कॉर्पोरेशन विदेशों में कॉन्फ्रेंस करने में अग्रणी जानी जाती है। आज तक इसने दुनियाभर के विभिन्न देशों में लगभग 40 अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस आयोजित किए हैं। कंपनी द्वारा हाल ही में आगामी दिवाली, वैवाहिक, त्योहार और विंटर सीजन को ध्यान में रखते हुए रिटेल कॉन्फ्रेंस आयोजित की। फैशन मलेशिया नाम से इस कॉन्फ्रेंस का शुभारम्भ 19 से 26 जून, 2024 तक कुआलालंपुर के शानदार सनवे लैगून रिसॉर्ट में आयोजित किया गया।

इस कान्फ्रेंस में टेक्सटाइल और फैशन उद्योग के अधिकांश शीर्ष रिटेलर्स ने भाग लिया। कुल मिलाकर 550 से अधिक व्यापारी शामिल हुए, जिनमें से लगभग 400 व्यापारी यश कॉटन कॉर्पोरेशन के रिटेलर्स और डीलर्स थे। इस कॉन्फ्रेंस में व्यापारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और इतनी बड़ी संख्या को देखते हुए कंपनी द्वारा इसे दो भागों में विभाजित करना पड़ा, जिसमें पहले 3 दिनों के लिए डीटीआर रिटेलर्स और दूसरे भाग में डीलर्स को शामिल किया गया। प्रत्येक समूह ने 3 रात और 4 दिन के शानदार प्रवास का आनंद लिया।

इस कार्यक्रम के दौरान यश कॉटन कॉर्पोरेशन ने अपना नया फैशन कैटलॉग लॉन्च किया, जिसमें जॉन कैवेंडिश (इटली में क्यूरेट किया गया मूल ब्रिटिश ब्रांड), नेमेसिस वर्ल्ड (इटली, कोरिया, फ्रांस और जापान के डिज़ाइनर कपड़े), नेमेसिस जन्नत (कश्मीर से कढ़ाई वाले कपड़े), नेमेसिस राग रेशम (वाराणसी से कढ़ाई वाले कपड़े), नेमेसिस संस्कृति (भारत के विभिन्न हिस्सों से शानदार कढ़ाई वाले कपड़े), नेमेसिस स्वयं (पुरुषों के लिए रेडी टू स्टिच कुर्ता बंदी आउटफिट), नेमेसिस शिद्दत (शादी और त्योहार के मौसम के लिए कढ़ाई वाले कपड़े), नेमेसिस रंगरेज़ा (कुर्ता और बंदी के लिए सुंदर कढ़ाई वाले कपड़े), स्पाडा जैकेटिंग (जैकेट और ब्लेज़र के लिए विशेष रूप से बनाए गए सूट), स्पाडा जैकार्ड (इंडो वेस्टर्न और इवनिंग वियर आउटफिट के लिए जैकार्ड सूटिंग)।

लॉन्चिंग के बाद शानदार कार्यक्रम के साथ एक भव्य रात्रिभोज का आयोजन किया गया, जिसका सभी ने भरपूर आनंद उठाया। उपस्थित रिटेलर्स ने इस नये कलेक्शन की जमकर बुकिंग कराई, जो इस महीने से स्टोर में उपलब्ध होंगे। सभी मेहमानों ने श्री हरेश मेहता, श्री कमलेश मेहता, श्री अंकुर मेहता और यश कॉटन कॉर्पोरेशन की पूरी टीम के गर्मजोशी भरे आतिथ्य का आनंद लिया। भारत में हर रिटेलर्स यश कॉटन कॉर्पोरेशन के साथ यात्रा करने के अवसर का इंतजार करता है, क्योंकि यश कॉटन के शीर्ष प्रबंधन द्वारा व्यक्तिगत ध्यान दिया जाता है, बेहतरीन व्यवस्थाएं, बेहतरीन दर्शनीय स्थल और दुनिया के किसी भी हिस्से में बेहतरीन भारतीय भोजन उपलब्ध कराया जाता है।

आमतौर पर किसी विदेशी देश की यात्रा करते समय, मेहमानों को अपने कमरे में चेक इन के लिए दोपहर 2 बजे तक इंतजार करना पड़ता है, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मानक चेक इन समय है। फैशन मलेशिया के दौरान यश कॉटन कॉर्पोरेशन ने होटल को अतिरिक्त शुल्क देकर सभी मेहमानों को सुबह-सुबह ही तुरंत चेक इन प्रदान किया। इसका नतीजा यह हुआ कि होटल में पहुंचते ही सभी मेहमानों को उनके कमरे की चाबियां मिल गईं और उन्हें स्वादिष्ट नाश्ता करने और फिर अपने-अपने कमरों में आराम करने का मौका मिला, बजाय इसके कि वे इतनी लंबी यात्रा के बाद घंटों इंतजार करें। हर एक रिटेलर्स ने इसकी बहुत सराहना की और निश्चित रूप से यह अब कपड़ा उद्योग में एक नया चलन बन जाएगा। आखिरकार, यह यश कॉटन कॉर्पोरेशन का एक अग्रणी प्रयास है। पूरी कॉन्फ्रेंस में यह एक बड़ी सफलता थी और पूरे कलेक्शन को काफी बुकिंग हुई, जो पूरे भारत में एक बड़ी हिट बनने के लिए बाध्य है।

